राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की मासिक पत्रिका

# स्काउट गाइड ज्योति

वर्ष-25 | अंक-07 | जनवरी, 2025 | कुल पृष्ठ-32 | मूल्य-₹ 15




राष्ट्रीय स्तर पर भारत स्काउट व गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन से स्काउट गाइड की 12 शील्ड्स प्राप्त करते हुए राजस्थान के राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन एवं अन्य अधिकारी



बारां जिले की मिनी जम्बूरी में राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य को स्कार्फ पहनाकर स्वागत करते हुए सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौडा

# चित्रमय झलकियाँ






सिरोही में आयोजित जिला रैली को संबोधित एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य



पुष्कर, अजमेर में हिमालय वुड बैज शिविर के संचालकों व संभागियों के साथ राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य



राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य द्वारा जिला मुख्यालय, जोधपुर व कॉक्स कुटीर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गई



चूरू में जिला रैली को संबोधित करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य

स्काउट गाइड ज्योति
वर्ष : 25 अंक : 07
जनवरी, 2025

**सलाहकार मण्डल**

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस. (से.नि.)
स्टेट चीफ कमिश्नर

**आशीष मोदी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख,** आई.ए.एस.(से.नि.)
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि आर.सिहाग,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**स्टेट कमिश्नर (हैडक्वाटर्स–स्काउट)**
नवीन महाजन, आई.ए.एस.
नवीन जैन, आई.ए.एस.
टीकम चंद बोहरा, आई.ए.एस.
डॉ. एस.आर. जैन
डॉ. अखिल शुक्ला

**स्टेट कमिश्नर (अहिंसा, शांति–समन्वय)**
मनीष कुमार शर्मा

**राज्य कोषाध्यक्ष**
ललित वर्मा

**सम्पादक**
**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

**सहायक सम्पादक**
**नीरज जैन**




## इस अंक में

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| संपादकीय | 4 |
| राज्य मुख्य आयुक्त ने किया अवलोकन | 5 |
| राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान सर्वोच्च | 6 |
| बारां की मिनी जम्बूरी | 7 |
| जिला प्रतियोगिता रैली सिरोही | 8 |
| सरदारशहर में स्काउट गाइड का समागम | 10 |
| राज्य सचिव द्वारा सीकर विज़िट | 12 |
| गाइडर की ईमानदारी | 12 |
| गतिविधि दर्पण | 13 |
| राष्ट्रीय स्तरीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण | 23 |
| हमारे महापुरुष : सत्येन्द्रनाथ बोस | 24 |
| हमारा स्वास्थ्य : नेचुरल एंटीबायोटिक – हल्दी | 26 |
| पर्यटन स्थल : पोखरण | 27 |
| दक्षता पदक : विनोदक | 28 |
| गतिविधि पञ्चांग | 29 |
| जम्बूरी बाबत राजकीय आदेश | 30 |

## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृत्तान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. **scoutguidejyoti@gmail.com** पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/– संस्थागत शुल्क:150/– | 1200/– |
| शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है। | |

नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं।
यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।

# दिशाबोध



**नये साल की शुभकामनाएं!**

राजस्थान स्टेट भारत स्काउट्स व गाइड्स, स्टेट एसोसिएशन के समस्त कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर, गाइडर, स्काउट गाइड अधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्काउट गाइड ज्योति के चिन्तनशील लेखकों व सहृदय पाठकों का मैं नववर्ष के उपलक्ष्य में हार्दिक स्वागत करता हूँ। मेरी कामना है कि सन् 2025 का यह वर्ष हमारे स्काउट गाइड परिवार के समस्त सदस्यों के लिए प्रगति का पथान्वेषक, कल्याणकारी हो। नववर्ष का प्रथम मास स्काउट गाइड जगत के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। राष्ट्र का गौरव गणतन्त्र दिवस विशेष धूमधाम से मनाया जावेगा। सक्रिय जुड़ाव के साथ नववर्ष की शुभकामनाएं भी सभी के लिए हों। हम किसी को न भूलें। कविवर सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविता के कुछ अंश ध्यान आ रहे हैं :–

**नए साल की शुभकामनाएँ!**
**खेतों की मेड़ों पर धूल भरे पाँव को......कुहरे में लिपटे उस छोटे से गाँव को**
**नए साल की शुभकामनाएं!**
**जाँते के गीतों को बैलों की चाल को......करघे को कोल्हू को मछुओं के जाल को**
**नए साल की शुभकामनाएँ!**
**इस पकती रोटी को बच्चों के शोर को......चौंके की गुनगुन को चूल्हे की भोर को**
**नए साल की शुभकामनाएँ!**
**वीराने जंगल को तारों की रात को......ठंडी दो बंदूकों में घर की बात को**
**नए साल की शुभकामनाएँ!**
**उनको जिनने चुन-चुनकर ग्रीटिंग कार्ड लिखे......उनको जो अपने गमले में चुपचाप दिखे**
**नए साल की शुभकामनाएँ!**

निरंजन आर्य
स्टेट चीफ कमिश्नर

# संपादकीय



राजस्थान प्रदेश स्काउट–गाइड संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च पुरस्कार चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड सहित 12 पुरस्कार अपने नाम कर एक बार फिर अपना परचम राष्ट्रीय स्तर पर फहरा दिया है। मैं स्वयं उस पल का साक्षी बना जब राजस्थान को एक के बाद एक 12 अवार्ड के लिए पुकारा गया और पूरा सभागार तालियों की गूँज से गुँजायमान हो गया। गौरव के ये पल हम सभी के लिए उल्लास व उत्साह जागृत करने वाले पल थे। ये सफलता हमारे राजस्थान के राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रत्येक स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, कब बुलबुल व वयस्क लीडर्स के सार्थक व सक्रिय सहयोग को समर्पित है। इस उपलब्धि के लिये संगठन के सभी कार्यकर्त्ता एवं हितैषी बधाई के पात्र हैं।

प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए नया मुकाम बनाया है और आने वाला समय भी प्रदेश के लिए ही नहीं वरन् राष्ट्रीय स्तर की स्काउटिंग के लिए बहुत कुछ नया कर गुजरने वाला साबित होगा। बहरहाल, हमारा विश्वास कर्म में है। पिछले वर्षों में हमने कई नये आयाम संगठन की गतिविधियों में जोड़े हैं। हमारा बधाई दर बधाई का यह क्रम बदस्तूर जारी रहेगा।

गोल्डन जुबली स्पेशल राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन त्रिची (तमिलनाडु) में किया जा रहा है, जहां राजस्थान अपने चिर–परिचित अंदाज में 1500 से अधिक स्काउट गाइड का संभागित्व कराने जा रहा है। प्रदेश संगठन की उम्मीद सभी संभागियों पर है कि एक बार फिर सफलता अपने नाम लिख स्वर्णिम इतिहास का दोहरान हो।

प्रदेश संगठन की ओर से सभी को शुभकामनाएं.....

**डॉ. पी.सी. जैन**
**राज्य सचिव**




## हिमालय वुड बैज शिविर : पुष्करघाटी, अजमेर

# राज्य मुख्य आयुक्त ने किया अवलोकन

भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देशन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में प्रशिक्षण केंद्र पुष्कर घाटी, अजमेर पर स्काउट गाइड के सर्वोच्च प्रशिक्षण हिमालय वुड बैज शिविर का आयोजन 4 से 10 दिसंबर तक किया गया।

शिविर के पांचवें दिन राजस्थान स्काउट गाइड के स्टेट चीफ कमिश्नर एवं पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान श्री निरंजन आर्य ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने हिमालय वुड बैज शिविर के संभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी योग्यता में अभिवृद्धि करना प्रत्येक लीडर का दायित्व है। लीडर को अपने स्काउट गाइड की योग्यता अभिवृद्धि में सहायता करनी चाहिए। स्काउट बालकों को प्रायोगिक गतिविधियां करवाकर सिखाना चाहिए। श्री आर्य ने कहा कि प्रत्येक स्काउटर को प्रयास करना चाहिए कि राष्ट्रपति अवार्ड तक ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट गाइड भी पहुंचे। उन्होंने देश की स्काउट गाइड गतिविधियों में राजस्थान राज्य को प्रथम स्थान आने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

इससे पूर्व राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत, अजमेर मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद दत्त जोशी ने शिविर में संभागियों द्वारा तैयार किए गए एंकल एंड पिकेट्स बेस, फायर बेस, मॉडल टेंट, मंकी ब्रिज, वॉचिंग टॉवर का अवलोकन श्री आर्य को करवाया।

इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान, गुजरात के स्काउटर गाइडर का हिमालय वुड बैज शिविर पुष्कर घाटी में 4 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 75 स्काउटर एवं 36 गाइडर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस शिविर में स्काउट के शिविर का संचालन पूरण सिंह शेखावत और अभय सिंह शेखावत द्वारा किया गया। वहीं गाइड शिविर का संचालन किशोर देवी द्वारा किया गया। स्काउट शिविर में राज्य के दक्ष प्रशिक्षक शैलेश कुमार पलौड़ नागौर, रघुवीर सिंह टोंक, राजेंद्र प्रसाद पारीक नागौर, बलराज सिंह भरतपुर, द्वारका प्रसाद भरतपुर, प्यारेलाल महला जयपुर, सुभाष पारीक नागौर, बाबूद्दीन काठात ब्यावर, नरेंद्र खोरवाल सी. ओ. स्काउट अजमेर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। वहीं गाइड विभाग में शकुंतला पांडे जोधपुर, डॉ. स्मृति त्यागी, निरमा मीणा सी. ओ. गाइड करौली, रीटा गहलोत श्रीगंगानगर ने प्रशिक्षण प्रदान किया एवं ओम कुमारी चौहान सी.ओ. गाइड अजमेर उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन शिविर संचालक एवं राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत ने किया।

## हार्दिक बधाई

**यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि राजस्थान स्काउट आवासीय विद्यालय, खुड़ी के निम्नांकित दो छात्रों ने कक्षा 8 बोर्ड में राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान प्राप्त किया है–**

1. **गजेंद्र खेमदा, नागौर**
2. **विनय शर्मा, सीकर**

**उक्त दोनों छात्रों को राज्य स्तरीय समारोह में राज्य सरकार द्वारा लैपटॉप प्रदान किया जाएगा।**

**स्काउट गाइड परिवार की ओर से दोनों छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..**

# राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान सर्वोच्च

## स्काउट गाइड की 12 शील्ड्स प्राप्त कर राजस्थान सर्वोच्च राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर फहराया परचम

राजस्थान प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड ने पूर्व वर्षों की भांति राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023–24 की 12 शील्ड्स प्राप्त कर अपना सर्वोच्च स्थान बनाते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्थान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते हुए स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने सभी को हार्दिक बधाई देते हुए किये जा रहे कार्यों व सेवाओं की सराहना की।

भारत स्काउट व गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन की अध्यक्षता तथा मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल एवं परिषद के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिषद के वार्षिक अधिवेशन में सभी राज्यों द्वारा किये गये वर्ष पर्यन्त कार्यों की समीक्षा करते हुए वार्षिक राष्ट्र स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा की गई। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड को गतिविधियों में गुणात्मक एवं संख्यात्मक वृद्धि व उत्ष्टता के लिए सर्वाधिक 12 पुरस्कार मिले।

**प्राप्त पुरस्कार–**

राजस्थान को स्काउट व गाइड विभागों में देश भर में संख्यात्मक एवं गुणात्मक स्तर पर सर्वोत्ष्ट प्रदर्शन के लिये चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड तथा समग्र गणना वृद्धि में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राष्ट्रीय शील्ड प्रदान की गई। गणना वृद्धि में राजस्थान स्काउट व गाइड विभागों में प्रथम स्थान पर रहा जबकि रोवर, रेंजर व कब विभाग में द्वितीय स्थान तथा बुलबुल विभाग में तृतीय स्थान पर रहा। इसके साथ ही राजस्थान ने स्काउट, गाइड व रोवर की लक्ष्मी मजुमदार प्रतियोगिता की शील्ड भी अपने नाम की।

प्रदेश को सर्वोच्च व सर्वाधिक अवार्ड मिलने पर राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य ने कहा कि प्रदेश के स्काउट गाइड सेवाभाव के साथ हर संभव सेवाएं प्रदान करने के लिए अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं तथा समाज व सरकार को आपदा, मतदान, मेला प्रबन्धन इत्यादि में हर प्रकार से सेवाएं दे रहे हैं। श्री आर्य ने कहा कि प्रदेश स्काउट गाइड संगठन सर्वोत्ष्ट कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी कार्यकर्ता इसके लिए निरन्तर एवं सतत प्रयास करते रहेंगे।

**राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन ने की सहभागिता–**

आयोजित राष्ट्रीय परिषद के वार्षिक अधिवेशन में राजस्थान से राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन ने सहभागिता की। इस अवसर पर वर्तमान में प्रदेश में किये जा रहे कार्यों की राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारियों द्वारा सराहना की गई। डॉ. पी.सी. जैन के अतिरिक्त राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत व सुयश लोढ़ा भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च स्थान के साथ राजस्थान ने कुल 12 शील्ड्स प्राप्त की।




राष्ट्र स्तरीय हिमालय वुड बैज शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य




# बारां की मिनी जम्बूरी

## गागर में सागर को किया चरितार्थ

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, जिला बारां द्वारा दिनांक 19 से 23 नवम्बर 2024 तक आयोजित डायमंड जुबली स्काउट गाइड मिनी जंबूरी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने उद्घाटन समारोह में स्काउट गाइड को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालक बालिका स्काउट संगठन से जुड़कर चौमुखी विकास करते हुए इस देश के अनुशासित एवं सेवा के पर्याय वाले नागरिक बनकर इस देश की व समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। समारोह के उपरांत राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने स्काउट गाइड के आवास व्यवस्था एवं साहसिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी कार्यक्रमों की सराहना की।

प्रधान शिविर संचालक प्रदीप चित्तौड़ा ने स्काउट गाइड पद्धति अनुसार स्कार्फ पहनाकर श्री आर्य का स्वागत किया। जंबूरी प्रभारी सुनीता मीणा ने राजस्थानी परंपरा अनुसार स्वागत करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी। जंबूरी सचिव राजेंद्र कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का शाब्दिक स्वागत करते हुए मिनी जंबूरी की व्यवस्थाओं के बारे में बताया। समारोह में जिला उपप्रधान नरेंद्र सिंह चौहान, ललित वैष्णव, स्थानीय संघ प्रधान मोहनलाल टेलर ने मिनी जंबूरी की सराहना करते हुए इसको ऐतिहासिक एवं यादगार कार्यक्रम बताया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर ने बारां जिले की जंबूरी के साथ जिले की संख्यात्मक उपलब्धियां की जानकारी देते हुए बताया कि कोटा मंडल में उत्कृष्ट स्थान रखता है बारां जिला। कार्यक्रम का संचालन जंबूरी संचालक अमजद यूसुफी ने किया। समारोह के अंतर्गत राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार हीरालाल रावत एवं डॉक्टर सर्वेश तिवारी का सम्मान किया गया।

मिनी जम्बूरी में गेट व प्रोजेक्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, बीपी सिक्स, शिविर कला, मार्च पास्ट, व्यायाम प्रदर्शन, बेन्ड, प्राथमिक सहायता, पेट्रोल पायनियरिंग, टेन्ट पिचिंग, ऐस्टीमेशन,. पेट्रोल इन काउन्सिल, स्किल ओ रामा, एथनिक फेशन शॉ,. केम्प फायर, सूर्य नमस्कार, शिविर कला, प्रदर्शनी, झांकी प्रदर्शन, फूड प्लाजा, लोकगीत, योगा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

स्काउट गाइड मिनी जंबूरी पुरस्कार वितरण एवं भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच सम्पन्न हुई ।

समापन समारोह में जिला प्रधान बारां रामेश्वर मित्तल, जिला प्रधान कोटा प्रकाश जायसवाल, पंचायत समिति अटरू की प्रधान वंदना नागर के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच रामेश्वर नागर, नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला गोचर, समाजसेवी देवलाल गोचर के विशिष्ट आतिथ्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जिला रैली का समापन हुआ। समापन के अवसर पर सभी विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रामेश्वर मित्तल ने मिनी जंबूरी जैसे विशाल आयोजन को एक सराहनीय प्रयास बताते हुए स्काउटिंग को जीवन निर्माण की विशिष्ट पद्धति बताते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में व्यक्तित्व विकास की दिशा में स्काउटिंग गाइडिंग की अहम भूमिका है। प्रकाश जायसवाल ने कहा कि बारां की यह मिनी जंबूरी ने गागर में सागर भरते हुए अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियों का सृजन किया है। संयोजक दिलावर ने अपने संस्मरण सुनाते हुए बच्चों को आत्मविश्वास एवं सकारात्मकता से जीवन निर्माण की शिक्षा दी।

जंबूरी में शाहाबाद ने मारी बाजी वहीं छीपाबड़ौद को मिली गाइड कमिश्नर शील्ड। तीन हजार से अधिक संख्या में स्काउट गाइड के जिला स्तरीय जमावड़े के बीच मिनी जंबूरी के रजिस्ट्रार करोली से हीरालाल रावत और बूंदी से आए डॉ. सर्वेश तिवारी ने आयोजित हुई सत्ताईस से अधिक प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी किए। परिणाम के आधार पर सर्वाधिक सक्रिय एवं

शेष पृष्ठ सं. 9 पर

शिविर रिपोर्ट




# जिला प्रतियोगिता रैली सिरोही

एम.आर. वर्मा
सी.ओ. स्काउट सिरोही

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही के तत्वावधान में 5 दिवसीय जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली खेल मैदान, राउमावि, अजारी पिण्डवाड़ा में दिनांक 19 से 23 नवम्बर तक आयोजित की गई। रैली सिरोही जिले के सभी पंजीकृत स्थानीय संघों से 1165 स्काउट गाइड, स्काउटर गाइडर, सर्विस रोवर रेंजर एवं अन्य अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का उद्घाटन 19 नवम्बर को समारोह पूर्वक हुआ, जिसके मुख्य अतिथि सांसद सिरोही व जालोर श्री लुम्बाराम चौधरी थे। अध्यक्षता जिला प्रमुख सिरोही श्री अर्जुनराम पुरोहित एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख श्रीमति पायल परसरामपुरिया व जिला परिषद सदस्य श्री किरण पुरोहित ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद महोदय लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही द्वारा स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का आयोजन बहुत सराहनीय कार्य है। पांच दिन तक इस रैली में स्काउट गाइड इन तम्बुओं में आवास कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मैंने भी विद्यार्थी जीवन में स्काउट के कई शिविरों में भाग लिया है। श्री चौधरी ने स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही में टीन शेड का 65 बाई 45 का हॉल बनाने के लिए सांसद कोष से 11 लाख रूपए देने की घोषणा की। समारोह का संचालन सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा एवं स्काउटर गोपाल सिंह राव ने किया और अतिथियों का आभार स्काउटर तोलाराम फाचरिया ने किया।

दिनांक 20 नवम्बर को प्रातः ध्वजारोहण जिला परिषद सदस्य श्री किरण पुरोहित ने किया और कहा कि इस जिला रैली में सम्मिलित हुए सभी स्काउट गाइड यहां से बहुत कुछ सीख कर जाऐंगे। सभी संभागियों के लिए एक समय के भोजन की व्यवस्था श्री पुरोहित द्वारा की गई।

21 नवम्बर को प्रातः ध्वजारोहण मातेश्वरी मार्बल अजारी पिण्डवाडा के प्रबंन्धक श्री रोहित मालवीय ने किया। इस अवसर पर इनका स्काउट मुख्यालय द्वारा स्कार्फ, साफा, जिला रैली स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इन्होंने जिला रैली में सम्मिलित हुए सभी स्काउट गाइड को 1 समय का भोजन दिया।

22 नवम्बर को सचिव स्थानीय संघ पिण्डवाडा श्री मूलसिंह भाटी ने ध्वजारोहण कर इस कार्यक्रम व स्काउट गाइड द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इनके परिवार की और से सभी संभागियों को एक समय का भोजन दिया गया।

जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का समापन समारोह सायं 04:00 बजे आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि स्टेट चीफ कमिश्नर व अन्तर्राष्ट्रीय स्काउट कमिश्नर एवं पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार श्री निरंजन आर्य थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक सिरोही शिवगंज श्री संयम लोढा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रबंन्धक बाबा रामदेम होटल सिरोही श्री रघुभाई माली ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री निरंजन आर्य ने कहा कि भारत स्काउट गाइड को 75 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान के सभी जिलों में स्काउट गाइड रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। सबसे पहले अलवर की जिला रैली, द्वितीय बांरा व सिरोही जिले की जिला रैली हो रही है। इस जिला रैली में सम्मिलित हुए सभी स्काउट गाइड, स्काउटर गाइडर, सर्विस रोवर रेंजर, संस्था प्रधान एवं भोजन देने वाले भामाशाह व आयोजकों को बहुत–बहुत बधाई। श्री आर्य ने कहा कि इस रैली में बहुत ही व्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने कहा कि सिरोही छोटा जिला है फिर भी 1100 से अधिक स्काउट गाइड इस रैली में सम्मिलित होकर प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए है, जिसमें स्थानीय संघ रेवदर ने स्काउट व गाइड विभाग में ऑल ओवर शील्ड प्राप्त की है। सभी को साधुवाद दिया। पूर्व विधायक संयम जी लोढा ने 10 लाख रूपए की घोषणा की। जिसमें स्काउट मुख्यालय सिरोही में 4 स्काउट गाइड हट्स बनकर तैयारी हो गई है, यह एक सराहनीय कार्य है।

अध्यक्षता करते हुए श्री संयम लोढ़ा ने कहा कि भारत

स्काउट गाइड जिला मुख्यालय द्वारा इस जिला रैली में सभी व्यवस्थाएं माकुल रूप से की गई है, जिससे स्काउट गाइड ने इन 5 दिनों में इन सुविधाओं का भरपुर लाभ लेकर इस रैली को सफल बनाने में भागीदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैज्ञानिक युग है जिसमें स्काउट गाइड अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े।



विशिष्ट अतिथि रघुभाई माली ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन से जुड़ने से बालक–बालिकाओं में अनुशासन, देश सेवा, कार्य के प्रति निष्ठावान और बड़ों की आज्ञापालन जैसे गुण विकसित होते हैं।

प्रारम्भ में अतिथियों का मुख्य गेट पर बधावा, तिलक से स्वागत किया गया। कलर पार्टी बैण्ड व गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्काउट गाइड ने सलामी दी। अतिथियों ने जिला रैली में तैयार किया गया मॉडल टेन्ट का अवलोकन भी किया। अतिथियों का जिला मुख्यालय द्वारा स्कार्फ, साफा, ढाल तलवार, जिला रैली स्मृति चिन्ह, बैग, रैली कीट बैग द्वारा स्वागत किया गया। जिला रैली का प्रतिवेदन सी.ओ.स्काउट एम.आर.वर्मा ने प्रस्तुत कर जिले में संचालित हो रही विभिन्न गतिविधियों व जिला मुख्यालय पर हो रहे निर्माण कार्य से अतिथियों को विस्तार से अवगत कराया। समापन समारोह का संचालन सी.ओ.स्काउट एम.आर. वर्मा व स्काउटर गोपाल सिंह राव ने किया।

जिला रैली में विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा बैण्ड, कलर पार्टी, मार्च पास्ट, झांकी प्रदर्शन, प्रदर्शनी, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, फूड प्लाजा, लोक–नृत्य, कैम्प फायर, टेन्ट पीचिंग, स्किल ओ रामा, व्यायाम प्रदर्शन, रंगोली एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

जिला रैली में सहायक निदेशक कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय माथुर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पिण्डवाडा सुरेश कुमार प्रजापत, मोहनलाल परमार आर.पी. (पूर्व स्काउटर) गणपत सिंह देवड़ा पूर्व जि.शि.अ., स्काउटर रा.उ.मा.वि. अजारी गणपत सिंह भाटी, सचिव स्थानीय संघ पिण्डवाडा मूलसिंह भाटी, स्काउटर गोपाल सिंह राव, मंछाराम, रमेशचन्द्र आगलेचा, बाबुलाल सैनी, प्रतापराम प्रजापत, कालुसिंह देवड़ा, जोगाराम सोलंकी, तोलाराम फाचरिया, धीर सिंह, लालाराम रावल, लक्ष्मण कीर, वेलाराम रेबारी, मनोज नालिया, लीडर ट्रेनर स्काउट कमल किशोर पुरोहित, लीडर ट्रेनर स्काउट छगनलाल, दलपत सिंह जोधा, श्रीमती संतोष आर्य, सुश्री आशा मोबारसा एवं मोहित अग्रवाल, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, दर्शन कुमार, आकाश कुमार, नरेन्द्र कुमार, साहिल, गोविन्द, दृष्टि पाण्डेय, संतोष कुमारी, लीला कुमारी, सोनिया कुमारी, रवीना राणा आदि सचिव, स्काउटर गाइडर व सर्विस रोवर रेंजर ने जिला रैली में सराहनीय सेवाएं दी।

इस जिला रैली में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, का पूर्ण सहयोग के साथ ही प्रचार–प्रसार के लिए राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति, जागरूक टाईम्स, मरूधर आईना एवं प्रिंट मीडिया का भरपुर सहयोग रहा जिससे जिला रैली का भव्य आयोजन हो सका।

पृष्ठ 7 का शेष

# बारां की मिनी जम्बूरी

सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जिला स्तरीय चीफ़ कमिश्नर शील्ड तथा स्काउट विभाग में श्रेष्ठतम प्रदर्शन पर दी जाने वाली स्काउट कमिश्नर शील्ड स्थानीय संघ शाहबाद को तथा गाइड विभाग में श्रेष्ठतम प्रदर्शन पर गाइड कमिश्नर शील्ड स्थानीय संघ छीपाबड़ौद को प्रदान की गई। वहीं सर्वोच्च सहभागिता शील्ड स्थानीय संघ अटरू ने अपने नाम की।

संभागियों के भारी उत्साह, गार्ड ऑफ़ ऑनर व तालियों की गड़गड़ाहट के बीच करतल ध्वनि और जनरल सैल्यूट के साथ जिला स्तरीय जंबूरी शील्ड, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र से संबंधित स्थानीय संघ दल को यह गौरवमयी सम्मान प्रदान किए गए। राजस्थान में कीर्तिमान बनी अटरू की मिनी जंबूरी के सफल आयोजन में विशिष्ट योगदान देने पर जंबूरी सचिव राजेंद्र कुमार शर्मा, संचालक अमजद यूसुफी, जिले के विभिन्न स्थानीय संघ सचिव इंद्र कुमार शर्मा, उमाशंकर शर्मा, घनश्याम भार्गव, भैरूलाल वर्मा, भरतहरी मीणा का अतिथियों ने स्कार्फ पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।




# सरदारशहर में स्काउट गाइड का समागम

◇ महिपाल सिंह तंवर
सी.ओ. स्काउट चूरू



मनुष्य एक सामाजिक प्राणी होने के कारण सदैव खुश एवं आनंदित रहने के अवसरों की तलाश में रहता है। विभिन्न प्रकार के उत्सव, मेले आदि आयोजन उसे आकर्षित करते रहते है। सनातन धर्म में जो महत्व कुम्भ का एवं इस्लाम धर्म में जो महत्व हज का होता है, वही महत्व एक स्काउट गाइड के जीवन में जम्बूरी का होता है। एक स्काउट गाइड के जीवन में यह अवसर केवल एक ही बार आता हैं, जिसका वह बड़ी शिद्दत से इन्तज़ार करता है।

भारत स्काउट व गाइड के गठन के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय प्रतियोगिता रैलियाँ एवं मिनी जम्बूरी के आयेजन का निर्णय लिया गया। स्काउट गाइड की शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं भावनात्मक क्षमताओं का विकास करते हुए एक उत्तरदायी नागरिक के रुप में विकसित करने एवं बालक बालिकाओं को विश्व भ्रातृत्व, परस्पर प्रेम, सहयोग, टोली भाव एवं राष्ट्रीय भावात्मक एकता के खुले पाठ पढ़ने व अभ्यास के सुअवसर उपलब्ध करवाये जाने की दृष्टि से चूरू जिले की जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जम्बूरी का आयोजन 29 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर के प्रांगण में किया गया। यह न केवल एक शैक्षिक और सांस्कृतिक मंच था, अपितु यह बालक बालिकाओं व युवाओं के कौशल और रचनात्मकता को निखारने का एक अद्भुत अवसर भी था।

इस भव्य आयोजन में 1247 स्काउट, 132 स्काउटर, 623 गाइड, 62 गाइडर, 76 रोवर, 58 रेंजर, 68 स्टाफ सदस्य एवं 146 अन्य जिसमें चिकित्सा, पुलिस, फायर, जल, विद्युत एवं सफाई कर्मी सहित कुल 2412 की सहभागिता रही।

29 नवम्बर मिनी जम्बूरी का प्रथम दिन मन में एक आशंका थी कि अपेक्षित लक्ष्य के अनुसार दो–ढ़ाई हजार की सहभागिता हो पायेगी या नहीं। सुबह से ही स्काउट गाइड के आगमन का दौर प्रारम्भ हुआ जो दोपहर 02 बजते बजते दो हजार के पार पहुँच गया। 03 बजे उद्घाटन समारोह के पुर्वाभ्यास के साथ ही स्थानीय संघ स्तरीय द्वार व रंगोली प्रतियोगिता हुई, जहाँ द्वार प्रतियोगिता में नवाचार, टीम वर्क और विषय की समझ को प्रदर्शित करते हुए खूबसूरत एवं रचनात्मक द्वार बनायें वहीं रंगोली प्रतियोगिता में कला और रंग संयोजन की प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। खूबसूरत एवं जटिल डिजाइनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांय 04.00 बजे समय आ गया था मिनी जम्बूरी के विधिवत उद्घाटन का और इस लम्हे के साक्षी बने स्काउट गाइड संगठन के प्रदेश के मुखिया स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन कुमार आर्य, जिले के मुखिया जिला कलक्टर श्री अभिषेक सुराणा, शिक्षा विभाग के सीकर संभाग के मुखिया संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू श्री बजरंग लाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोविन्द सिंह राठौड़ एवं इनके साथ उपखण्ड अधिकरी सुश्री दिव्या, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पारीक एवं तमाम ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं सरदारशहर के जन प्रतिनिधि एवं जन गण। इन सभी अग्रज, मार्गदर्शक एवं अतिथियों के आगमन से सभी स्काउट गाइड गदगद व आह्लादिल थे। उत्साह दोगुना और जोश से भरें युवा चहरें मानो मिनी जम्बूरी के पहले ही दिन मिनी जम्बूरी के सफल होने का संदेश दे रहे हों। रात्रि में स्थानीय संघ वार ग्रुप स्तरीय शिविर ज्वाल प्रतियोगिताओं का आनंद सभी ने उठाया।

30 नवम्बर द्वितीय दिवस का आगाज ग्रुप स्तरीय मार्च पास्ट प्रतियोगिता से हुआ। प्रातः ध्वजारोहण के अवसर पर हमें सान्निध्य प्राप्त हुआ जिला संगठन के अध्यक्ष श्री रामावतार बैरासरिया का। इसके साथ ही स्थानीय संघ स्तरीय मार्चपास्ट एवं कलर पार्टी की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। ग्रुप स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता के साथ ही प्रदर्शनी का उद्घाटन स्थानीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता शर्मा के कर कमलों से हुआ, जिनमें हस्तशिल्प, विज्ञान परियोजनाएँ, सामाजिक संदेशों एवं स्काउट गाइड गतिविधियों के सिंहावलोकन को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही ग्रुप स्तरीय पायनियरिंग,

प्राथमिक चिकित्सा व प्रशनोत्तरी प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्काउट गाइड ने अपने हुनर को प्रदर्शित किया। सायं स्थानीय संघ स्तरीय पायनियरिंग प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में लकड़ी और रस्सियों की मदद से विभिन्न संरचनाएँ तैयार की।



01 दिसम्बर तीसरे दिन प्रातः ध्वजारोहण के अवसर पर विकास अधिकारी, सरदारशहर श्री महेन्द्र सोलंकी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकरी, सुजानगढ़ श्री संदीप व्यास के सान्निध्य में ग्रुप स्तरीय विचित्र वेशभुषा प्रतियोगिता, स्थानीय संघ स्तरीय एथनिक फैशन शो प्रतियोगिता आयोजित हुई।

दोपहर में सजे धजे 05 ऊंट एवं 07 घोड़ों पर सवार हाथ में तिरंगा एवं संगठन का ध्वज लिये बैण्ड वादन एवं कलर पार्टी के नेतृत्व में तीन रंगों केसरिया, सफेद व हरे रंग की कैप लगाये दो–दो लाइनों में पंक्तिबद्ध स्काउट गाइड ने रैली निकाल सरकार की जन कल्याणकारी योजनओं, विभिन्न कुरितियो से जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ नगर भ्रमण हेतु एस.बी.डी. कॉजेज से रवाना होकर नाचते गाते सरदारशहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गाँधी चौक व बाद में कन्दोई बगीची पहुँचकर संपन्न हुई।

02 दिसम्बर चौथे दिन का आगाज योग और प्राणायाम से हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा श्री सन्तोष कुमार महर्षि, सहायक निदेशक श्री बिजेन्द्र दाधिच एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट श्री रामजस लिखला के सान्निध्य में ध्वजारोहण के साथ ही स्थानीय संघ स्तरीय झांकी प्रतियोगिता के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक थीम पर आधारित रचनात्मक व रंगीन झांकिया प्रस्तुत की गई। सालासर बालाजी, भारत माता, गणगोर, होली खाटू श्यामजी की रंगारंग झांकियां बैण्ड बाजों डीजे व घोड़ों, पालकियों में सजधज कर निकाली। ग्रुप स्तरीय निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता के साथ स्काउट गाइड ने दिन भर साहसिक गतिविधियों के तहत टायर टनल, मंकी ब्रिज, गन शूटिंग, टायर वॉल, जम्पिंग, लैडर क्रॉसिंग, टायर चिमनी, कमाण्डो ब्रिज, ब्लाइन्ड ट्रेल, तीरंदाजी, मंकी क्रॉलिंग, जिक जैक, चिनबार, सेकरेस, डक वॉक, टचिंग पॉइन्ट, पिट जम्प, बैलेंसिंग, रोलिंग ड्रम, डिब्बे गिराना, बास्केट बॉल, तिलक लगाना आदि विभिन्न ऐडवेंचर व फन बेस पर जमकर पसीना बहाया।

फूड प्लाजा प्रतियोगिता के साक्षी बने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, तारानगर डॉ. सुमन जाखड़, सुजानगढ़ श्रीमती सुनिता पूनियां, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती सुमन पूनियां, अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चूरू। फूड प्लाज़ा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दर्शकों व अतिथियों को लगभग 200 तरह के व्यंजनों का स्वाद चखने का मौका दिया। रात्रि में विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय संघ के पदाधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने सपरिवार शिरकत कर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कैम्प फायर में समुह गान, नृत्य, नाटक, प्रहसन, कहानियाँ एवं अनुभवों को साझा किया गया।

03 दिसम्बर पांचवे दिन प्रातःकाल ही समाज सेवा प्रतियोगिता के अन्तर्गत मिनी जम्बूरी के संभागियों ने पाँच समुहों में बँटकर पाँच स्थानों पर स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत सफाई कार्य किया। ध्वजारोहण के साथ ही प्रातः शारीरिक प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड ने विभिन्न शारीरिक करतब दिखाते हुए मिनार, पिरामिड, योग, आग से निकलना आदि कलाओं में अपनी निपुणता दर्शाई।

सायंकाल रंगारंग समापन समारोह पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजकुमार रिणवा, चूरू विधायक श्री हरलाल सिंह सहारण, पंचायत समिति, सरदारशहर के प्रधान श्री मधुसूदन राजपुरोहित, नगर परिषद सरदारशहर के सभापति श्री राजकरण चौधरी के आतिथ्य में आयोजित हुआ। अतिथियों ने इतने सुन्दर एवं भव्य आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर मिनी जम्बूरी में सहयोग प्रदान करने वाले विभागों अधिकारियों, संस्थाओं, भामाशाहों को प्रधान संचालक श्री महिपाल सिंह तँवर ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

04 दिसम्बर छठे दिन प्रातः 08.00 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा जिसमें प्रातः स्मरामी, रामधुन, अमृतवाणी, वैष्णव प्रार्थना, गायत्री मंत्र, मुस्लिम धर्म प्रार्थना, विभिन्न भजन व अन्य धर्मों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के भक्ति गान का आयोजन किया गया। प्रातः 11.00 बजे स्थानीय संघ के प्रधान एवं भामाशाह श्री शिवरतन सर्राफ के आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी संभागी ग्रुप/विद्यालयों को सहभागिता शील्ड, समस्त स्टाफ सदस्यों व सर्विस रोवर रेंजर को सम्मान प्रतीक, 14 स्थानीय संघ स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं 16 ग्रुप स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रथम व द्वितीय विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। स्थानीय संघ स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये चीफ कमिश्नर शील्ड एवं ग्रुप स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये विंगवार जिला कमिश्नर स्काउट व जिला कमिश्नर गाइड शील्ड प्रदान की गई।

इस मिनी जम्बूरी ने न केवल स्काउट गाइड को अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान किया अपितु सामुदायिक भावना, सांस्कृतिक आदान प्रदान, राष्ट्रीय एकता और मित्रता को भी बढ़ावा दिया। सरदारशहर में आयोजित इस मिनी जम्बूरी ने स्काउट गाइड के जीवन में स्थायी छाप छोड़ी। यह न केवल एक आयोजन था, बल्कि एक ऐसा अनुभव था जिसने सभी स्काउट गाइड को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और यादगार पल दिये।

# राज्य सचिव द्वारा सीकर विज़िट



भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बड़ा तालाब सीकर का राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन व राज्य संगठन आयुक्त स्काउट पूरण सिंह शेखावत ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर सी.ओ. स्काउट बसंत कुमार लाटा, सी.ओ. गाइड प्रियंका कुमारी व रोवर्स ने दोनों अधिकारियों का डायमंड जुबली वर्ष का स्कार्फ पहनाकर, अधिवेशन का बैग एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सीकर जिले की तरफ से स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर भौतिक व्यवस्थाओं, उपलब्धि विवरण के बारे में सी.ओ. स्काउट गाइड से जानकारी प्राप्त की। आगामी डायमंड जुबली जंबूरी में जिले के स्काउट गाइड के पंजीकरण के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।

डॉ. पी.सी. जैन व पूरण सिंह शेखावत ने मुख्यालय के सामान के रख रखाव, जिला स्तरीय स्काउट गाइड रैली के आयोजन, जंबूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने, नए स्काउट गाइड ग्रुपों के पंजीकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य सभी स्थानीय संघों द्वारा पूर्ण करने, चतुर्थ चरण हीरक पंख व अन्य उपलब्धियां प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किए। नेशनल ग्रीन कोर एवं स्काउट गाइड द्वारा सामुदायिक सेवा, वृक्षारोपण, ऊर्जा संरक्षण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक, जल संरक्षण, जल प्रदूषण निवारण, स्वच्छता कार्यक्रम एवं समाज सेवा व अन्य प्रकार की गतिविधियों के अच्छे आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इसके साथ ही निष्क्रिय स्थानीय संघो को सक्रिय करने संबंधी भी जानकारियां साझा की गई।

# गाइडर की ईमानदारी



राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, करौली के तत्वावधान में आयोजित गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स शिविर में भाग ले रही शिक्षिका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालूपाड़ा की ममता सैनी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालाखेड़ा नादौती की अंजू चौधरी और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरधनपुरा सपोटरा की राजकुमारी बैरवा शाम को मदनमोहन जी मंदिर से दर्शन कर स्काउट कार्यालय लौट रही थी। तभी रास्ते में एक लेडीज पर्स पड़ा मिला। खोल कर देखा तो उसमें सोने चांदी के आभूषण थे। उन्होंने काफी देर तक वहां इंतजार किया लेकिन किसी के नहीं आने पर शिविर स्थल लौट आई और अपना पता पास के दुकानदार को दे आई जिससे इसके मालिक के आने पर सूचना दी जा सके। पर्स में मिले बिल और अन्य दस्तावेजों से मालिक का पता लगाने का प्रयास किया। बाद में मालिक का पता चलने पर कोतवाली में आकर सारे गहने वीणा शर्मा पत्नी विवेक शर्मा निवासी गंगापुर को सुपुर्द कर ईमानदारी का परिचय दिया।

गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का 28 नवम्बर को समापन हुआ। शिविर में भाग लेने वाली सभी महिला अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण के साथ 'स्काउट गाइड ईमानदार होते हैं' नियम को साकार करते हुए ईमानदारी का परिचय दिया।

गाइड कैप्टन ममता सैनी द्वारा दिए गए ईमानदारी के परिचय की सी.ओ. स्काउट अनिल गुप्ता, सी.ओ. गाइड निरमा मीणा, संभागीय आयुक्त भरतपुर विनोद धवन, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा एवं स्थानीय संघ सचिव मुकेश कुमार सारस्वत व सभी पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। संभागीय आयुक्त विनोद धवन ने कहा कि गाइडर ममता सैनी ने ईमानदारी की मिसाल कायम कर लाखों रुपए के जेवरात सही मलिक को पहुंचा कर शिक्षक समाज का मस्तक ऊंचा कर दिया है। हमें ऐसे शिक्षकों पर गर्व है जिनसे समाज को और अन्य शिक्षकों को प्रेरणा मिलेगी।

# गतिविधि दर्पण

## प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर आयोजित शिविरों, गतिविधियों इत्यादि की संक्षिप्त रिपोर्ट

### अजमेर संभाग

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर के तत्वावधान में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग व साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता आधारित कार्यक्रम सर्फ स्मार्ट 2.0 कार्यशाला स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण केंद्र ताऊसर नागौर में आयोजित किया गया। कार्यशाला में शिविर संरक्षक सी.ओ. स्काउट अशफाक पंवार व सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। सी.ओ. गाइड द्वारा मोबाइल के




उपयोग व विभिन्न एप्लीकेशन में मजबूत पासवर्ड बनाने की जानकारी दी गयी। डीटीसी सुमनबाला द्वारा बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, गाइडर डॉ. पूजा शर्मा द्वारा साइबर क्राइम व ठगी से बचने से संबंधित जानकारी दी गई। रोवर सुनील द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया एप्स के उपयोग के बारे में जानकारी साझा की गई। कार्यशाला के पश्चात गाइड्स द्वारा पोस्टर बनाओ गतिविधि का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में सी.ओ. स्काउट अशफाक पंवार, सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी, खींवसर सचिव सुरेंद्र जाजड़ा, दीपिका वर्मा, सुमन बाला, गायत्री, शोभा शर्मा, डॉ. पूजा शर्मा, निरमा चौधरी, गायत्री कंसारा, सी.पी. हंस व 116 गाइड के साथ रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार गाइड अभिशंषा शिविर का आयोजन किया गया। 06 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में सी.ओ. स्काउट अशफाक पंवार व सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट गाइड ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुमनबाला द्वारा चार दिवसीय राज्य पुरस्कार अभिशंसा शिविर में आयोजित कार्यक्रमों की पूर्ण जानकारी दी गई। शिविर संचालिका दीपिका वर्मा द्वारा बताया गया कि शिविर में कुल 116 गाइड्स का रजिस्ट्रेशन हुआ। इसी के साथ सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी ने बताया कि शिविर की गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, मैसेंजर ऑफ पीस (फ्री बींग मी) जैसी गतिविधियों का भी संचालन करवाया जाएगा। शिविर में



स्टाफ के रूप में गायत्री, डॉ.पूजा शर्मा, निरमा चौधरी व गायत्री कंसारा, सी.पी. हंस सेवाएं दें रहे है।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर का राज्य पुरस्कार स्काउट व राज्य पुरस्कार रोवर अनुशंसा शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र ताऊसर, नागौर मे 21 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित किया गया। राज्य पुरस्कार स्काउट



अभिशंसा शिविर में 247 स्काउट व रोवर अभिशंसा शिविर में 32 रोवर ने भाग लिया। राज्य पुरस्कार स्काउट शिविर का संचालन शैलेश कुमार पलोड ने किया तथा राज्य पुरस्कार रोवर शिविर का संचालन सी.ओ. स्काउट मोहम्मद अशफाक पँवार ने किया। शिविर संचालन में सहयोगार्थ श्री भंवर लाल हर्षवाल, श्री सुभाष पारीक, श्री राजेश देवड़ा, श्री दिनेश कुमार, श्री गजेंद्र गेपाला, श्री राकेश चौधरी, श्री परमेश्वर राम, श्री दामोदर प्रसाद, श्री जगदीश लाल गुर्जर, श्री सुरेन्द्र जाजड़ा, श्री ओमप्रकाश ने अपनी सेवाएं प्रदान की। प्रथम दिवस शिविर का शुभारम्भ स्काउट गाइड जिला प्रधान श्री कृपा राम देवड़ा ने ध्वजारोहण कर किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर का राज्य पुरस्कार का द्वितीय स्काउट, गाइड व रेंजर अनुशंसा शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र ताऊसर, नागौर में 28 नवंबर से 01 दिसंबर तक आयोजित किया गया। राज्य पुरस्कार स्काउट अभिशंसा शिविर में 139 स्काउट व राज्य पुरस्कार गाइड अभिशंसा शिविर में 52 गाइड व राज्य पुरस्कार रेंजर



अभिशंसा शिविर में 22 रेंजर ने भाग लिया। राज्य पुरस्कार स्काउट शिविर का संचालन सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट जगदीश लाल गुर्जर ने किया। राज्य पुरस्कार रेंजर का संचालन सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी ने किया व राज्य पुरस्कार गाइड शिविर का संचालन दीपिका वर्मा ने किया। शिविर संचालन में सहयोगार्थ श्री गजेंद्र गेपाला, श्री राकेश चौधरी, सुरेन्द्र जाजड़ा, श्री काना राम रेगर, श्री छिगन लाल रोहलन, श्री गोपाल राम, श्री पूना राम राव, श्री पांचा राम, डॉ. पूजा शर्मा, गायत्री कंसारा, सुप्रिया गहलोत, विधा चौधरी, सुमित्रा चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। प्रथम दिवस शिविर का शुभारम्भ स्काउट गाइड जिला प्रधान श्री कृपा राम देवड़ा ने ध्वजारोहण कर किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, नागौर के तत्वावधान में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शपथ का आयोजन किया गया। संविधान के प्रति श्रद्धावान, सच्ची निष्ठा रखने तथा भारत की सार्वभौमिकता तथा सत्यनिष्ठ बनाएं



रखने कि शपथ दिलाई। संविधान के प्रति जनजागृति हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सी.ओ. स्काउट मोहम्मद अशफाक पँवार, सी.ओ. गाइड मीनाक्षी भाटी, जिला कमिश्नर व्यस्क संसाधन प्रमिला यादव, स्थानीय संघ नागौर सचिव राजेश देवड़ा आदि की उपस्थिति रही।

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, नागौर के राउमावि जोधियासी स्काउट ट्रूप द्वारा एक दिवसीय अन्तर जिला शैक्षणिक भ्रमण स्काउट मास्टर दिनेश कुमार गौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान स्काउट्स ने बस द्वारा बीकानेर जिले में स्थित जम्भेश्वर मंदिर, समराथल धोरा,



जूनागढ़ किला, जूनागढ़ म्यूजियम, वैष्णो धाम मंदिर, देशनोक स्थित करणी माता मंदिर व पैनोरमा जैसे दर्शनीय स्थलों का आनंद लिया। स्काउट्स ने भ्रमण के दौरान साधू संतो व लोक देवताओं की जानकारी के साथ ही बीकानेर के इतिहास की जानकारी प्राप्त की। नागौर सी.ओ. स्काउट मो. अशफाक पंवार द्वारा स्काउट्स के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी। यात्रा का सम्पूर्ण व्यय जोधियासी से जन सहयोग द्वारा स्काउट्स द्वारा किये जाने वाले सामाजिक सेवा के कार्यों के कारण प्रोत्साहन स्वरूप किया गया। भ्रमण में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बोदू सिंह, वरिष्ठ अध्यापक श्री पवन तिवारी, श्री तेजाराम गोलिया, ग्रामीण श्री मदनराम धुंधवाल, श्री किशनाराम सहयोग हेतु साथ रहे। भ्रमण में कुल 37 स्काउट्स ने भाग लिया।

## भरतपुर संभाग

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर के संभागियों द्वारा जल संरक्षण रैली का आयोजन कर आम जन को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। सी.ओ. स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला स्काउट गाइड भवन में 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक पांच दिवसीय आवासीय निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के दौरान जल संरक्षण हेतु संभागियों को प्रेरित किया गया। शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा ने सभी संभागियों से अपेक्षा की कि वह अपने मित्रों परिजनों साथियों गांव को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करें। सभी संभागियों ने आमजन को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए जल संरक्षण रैली निकालने का निर्णय लिया। जल संरक्षण रैली पुरानी नगर पालिका पर



शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा सहायक लीडर ट्रेनर बांदीकुई एवं सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत द्वारा हरी झंडी दिखाने से प्रारंभ हुई। नगर पालिका से प्रारंभ हुई रैली फूटा कोट अनाज मंडी, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, भूडारा बाजार, गणेश गेट, हिंडौन गेट, हटरिया होती हुई मदन मोहन जी मंदिर पर संपन्न हुई। रैली के दौरान रोवर रेंजर जल है तो कल है जल ही जीवन है आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। रोवर रेंजर ने गगन भेदी नारों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया। साथ ही आम लोगों से हाथ जोड़कर पानी बचाने की अपील की। रैली का नेतृत्व सी.ओ. गाइड करौली एवं सहायक शिविर संचालक गणेश चंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार रोवर लव कुश मंगल निपुण रोवर पीयूष, नितिन जाटव आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व रोवर रेंजर को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

- करौली में दैनिक भास्कर समूह द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में 12 रोवर एवं स्काउटर ने रक्तदान कर सभी मीडिया कर्मियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रिक मीडिया का ध्यान आकर्षित किया एवं सभी की प्रशंसा के पात्र बने। इस अवसर



पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर के स्काउट मास्टर कुलवंत सिंह चौधरी, लव कुश मंगल, दयाराम मीणा, सौरभ कुमार जैतवाल, गौरव कुमार, पीयूष नामा, निकिन कुमार जाटव, पुष्पेंद्र, आशीष बैरवा, केशव मीणा, कृष्णकांत शर्मा आदि द्वारा रक्तदान किया गया। जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने रोवर्स के साथ फोटो खिंचवाए एवं उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, करौली के तत्वावधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर के 30 नवंबर को उद्‌घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य विश्राम लाल बैरवा ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण के माध्यम से बालक बालिकाओं का शारीरिक मानसिक चारीत्रिक एवं बौद्धिक विकास होता है एवं वह देश के लिए उपयोगी नागरिक सिद्ध होते हैं। इससे पूर्व प्राचार्य के शिविर में पहुंचने पर ट्रेनिंग काउंसलर गणेश चंद शर्मा के नेतृत्व में रोवर रेंजर के दल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। प्राचार्य विश्राम लाल बैरवा ने झंडारोहण कर शिविर का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर



आयोजित कार्यक्रम में शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर के संचालक सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि शिविर में 84 रोवर रेंजर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्राचार्य को विभिन्न तरह की स्काउट गाइड तालियों के माध्यम से स्वागत किया तथा स्काउट संगठन की रीति के अनुसार शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। शिविर में रोवर रेंजर को स्काउट गाइड संगठन के नियम प्रतिज्ञा, चिन्ह, सेल्यूट, हाथ मिलाना, प्रार्थना व झंडा गीत, राष्ट्रगान, आदर्श वाक्य, यूनिफॉर्म, आंदोलन का इतिहास, प्राथमिक सहायता, लेआउट, सिटी व हाथ के संकेत का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जयपुर संभाग

- भारत स्काउट व गाइड के तहत अलवर जिले के विद्यालय व महाविद्यालयों में स्काउटिंग गाइडिंग के प्रभावी संचालन व नये ग्रुप्स के पंजीकरण के लिए संस्था प्रधानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) मंडल जयपुर श्रीमती नीता शर्मा द्वारा 4 दिसंबर को अलवर जिले की विज़िट की गई। श्रीमती शर्मा ने अलवर में स्थित आदिनाथ जैन पब्लिक स्कूल अलवर, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर, स्थानीय संघ अलवर और जिला मुख्यालय अलवर की विज़िट कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। श्रीमती शर्मा के साथ सी.ओ. गाइड कल्पना शर्मा, सचिव



स्थानीय संघ अलवर अनूप सिंह, एएलटी स्काउट दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

- दौसा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, नेहरू युवा केन्द्र व जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान

दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शपथ का आयोजन किया गया। स्काउट सचिव ओमप्रकाश शर्मा  ने संविधान के प्रति श्रद्धावान, सच्ची निष्ठा रखने तथा भारत की सार्वभौमिकता तथा सत्यनिष्ठता बनाएं रखने कि शपथ दिलाई। संविधान के प्रति जनजागृति हेतु स्काउट गाइड द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला खेल अधिकारी



मान सिंह, नेहरू युवा केन्द्र के रमाशंकर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सुमन जैन, कविता मीना, कल्पना शर्मा, राधामोहन शर्मा, हीरा लाल महावर, सुरेन्द्र मीना, रोशन लाल मीना, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, मोनिका महावर, नन्द किशोर शर्मा, विजेन्द्र कुमार बेनीवाल, मनीषा महावर आदि उपस्थित रहे।

- भारत स्काउट गाइड के रोवर्स द्वारा अलवर स्थित श्री उदयनाथ जी मेले में सेवा दी गई। इस मेले में भारी संख्या में सम्मिलित हुए श्रद्धालू को रोवर्स द्वारा यातायात, मेडिकल, पंडाल, गौ उत्पाद, विधिक प्रदर्शनी व मंदिर परिसर में निःस्वार्थ होकर सेवाएं दी गई। इस मेले में 51 रोवर्स व सेवा शिविर के संचालक दल रामशरण जी थानागाजी, श्री हजारी लाल सैनी



(रा.उ.मा.वि. गढ़ी, थानागाजी), घनश्याम सैनी (युवराज प्रताप ओपन रोवर क्रू, अलवर), अतुल कुमार ओपन क्रू खैरथल ने अपनी सेवाएं दी। सभी रोवर्स व शिविर संचालक दल ने 11 दिसंबर 2024 (मेला समापन) तक मेले में सेवा कार्य किया।

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ धोद (सीकर) के तत्वावधान में श्री कुमावत हाथी टीबा बगीची में संचालित द्वितीय तृतीय सोपान एवं टोली नायक प्रशिक्षण शिविर में व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सी.ओ. गाइड प्रियंका




खीचड़ ने स्काउट गाइड यूनिफॉर्म की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने पर जोर दिया। सचिव बाबूलाल मीना ने बाल–विवाह के विरुद्ध शपथ दिलवाई तथा समाज में व्याप्त इस बुराई को समाप्त करने पर बल दिया। शिविर में प्राथमिक उपचार सिग्नलिंग, कम्पास, ध्वज शिष्टाचार एवं टेंट लगाने सहित विभिन्न विधाओं की जानकारी प्रदान की गई। ट्रेंनिग काउंसलर श्रवण कुमावत ने वनस्पतियों की जानकारी देते पदार्थों को सूंघने और चखने के माध्यम से पहचान करने की प्रतिभा को निखारने का काम किया। पार्षद नेमीचंद कुमावत ने स्काउट गाइड को समाज में सर्वांगीण विकास का पर्याय बताया। इस मौके पर प्रभुदयाल कुमावत, इंद्रसिंह, दुलीचंद, पूर्व सचिव पुरुषोत्तम चेजारा, सहा.सचिव महावीर प्रसाद बीसू, मुकेश कुमार सहित सुभाष कुमार, संत कुमार, बलवीर सिंह, श्याम रथ, मोहनलाल सुखाड़िया सहित समस्त स्काउट गाइड एवं ट्रेनिंग काउंसलर उपस्थित रहे।

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, शिवसिंहपुरा सीकर द्वारा आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान टोली नायक रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड द्वारा जन चेतना रैली निकाली गई। रैली को बसंत कुमार लाटा सी.ओ. स्काउट सीकर, किशनलाल सियाक, मनोहर लाल, रामनिवास, अमिताब धोबी, सहायक सचिव स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्चात रैली गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुरजल माता मंदिर पहुंची जहां दर्शन किए, फिर लाल दास बगीची पर पहुंच कर पकोड़ा जोड़ा का निरीक्षण किया, तालाब के चारों ओर तथा गौशाला में श्रमदान कार्य किया। तत्पश्चात रैली गांव के मुख्य चौक होते हुए वापस शिविर स्थल पर पहुंची। शिविर में अनुमान लगाना, ध्वज शिष्टाचार, लॉग बुक



बनाना, दक्षता बैजों की जानकारी अलिताब धोबी द्वारा दी गई। तृतीय सोपान की गांठे प्राथमिक सहायता अनुमान लगाना आदि का प्रशिक्षण श्री रोशन डेबानिया और इरशाद द्वारा दिया गया। रात्रि विशाल केम्पफायर में निदेशक आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय कोलीड़ा के सुल्तान सिंह मील के आतिथ्य में स्काउट गाइड्स ने विभिन्न हास्य, देशभक्ति और रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर केशर देव, उर्मिला देवी ,संजू मौर्य, प्रेम पावड़िया, मनोहर लाल, इमरान, आदिल, विनोद कुमार पाटोदिया, योगेश चौधरी, मोहित चौधरी, मोहित मील, मोहनलाल सुखाड़िया, राधेश्याम शर्मा, तेज प्रकाश शर्मा, रामपाल, सौरभ जांगिड़, महेंद्र सिंह, रामचंद्र मील, महेश भींचर, सीता देवी व स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित थे।

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, पाटन व जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में आयोजित सघन निरीक्षण स्थानीय संघ पदाधिकारी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी कमिश्नर सत्यप्रकाश टेलर प्रभारी कमिश्नर स्काउट व निर्मला देवी के नेतृत्व में किया गया। स्थानीय संघ के विभिन्न विद्यालयों में सहायक जिला कमिश्नर ट्रेनिंग काउंसलर के सान्निध्य में महेश कुमार योगी सचिव, पूर्व सचिव शीशपाल सैनी व ट्रेनिंग काउंसलर संदीप यादव ने जीलों, बिहार के विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्रकाश चंद मीणा सहायक जिला कमिश्नर



सीताराम गुर्जर सहायक सचिव ने छाजा की नांगल हसामपुर बोपिया आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया। ओम प्रकाश चौधरी सहायक जिला कमिश्नर व जिला प्रधान बाबूलाल गुर्जर, हजारी लाल देहरान ने त्रिची तमिलनाडु में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी के लिए प्रगतिबाल मंदिर श्री जगन्नाथ दीवान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन में निरीक्षण किया तथा कोटा मनी के साथ–साथ ग्रुप स्काउट, गाइड कंपनी को डायमंड जुबली जंबूरी के लिए तैयार किया। निर्मला देवी प्रभारी कमिश्नर गाइड व शारदा देवी संयुक्त सचिव ने आशा देवी अकेडमी, लॉर्ड कृष्णा एकेडमी, गायत्री पब्लिक स्कूल पाटन में गाइडिंग को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व निरीक्षण किया। खड़क बहादुर मीणा सहायक जिला कमिश्नर व ब्रजमोहन मीणा ट्रेनिंग काउंसलर ने जीताला, लादी का बास, प्रतापपुरा जेतपुरा आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया। अमर सिंह मीणा सहायक जिला कमिश्नर धनंजय कोषाध्यक्ष ने मोठुका रामपुरा बेगाकी नांगल कांथली विद्यालयों का निरीक्षण किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर पर 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश पारीक वरिष्ठ स्काउटर स्थानीय संघ खूड के मुख्य आतिथ्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोवर्स ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। सबने एक ध्वनि में कहा कि एड्स का बचाव ही उपचार है। सी.ओ. स्काउट बसंत कुमार लाटा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के रोवर्स के माध्यम से एड्स के बारे में कच्ची बस्तियों व जन साधारण को जानकारी प्रदान करने के लिए जनजागृति अभियान चलाया जाएगा। मुख्य अतिथि




ओमप्रकाश पारीक ने कहा कि एड्स एक भयानक रोग है। आज के युवाओं को एड्स के बारे में अधिक से अधिक समाज में जन जागृति फैलानी चाहिए। एड्स का बचाव ही उपचार है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सीकर के सामने मिट्टी से तोदी महाविद्यालय  लक्ष्मणगढ़ के रोवर्स ने एड्स जन जागृति के लिए रंगोली बनाई। एड्स संबंधी नारे लगाए। सांवली रोड़ से गुजरने वाले लोगों को एड्स के बारे में और दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्काउट एवं रोवर्स द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान तोड़ी महाविद्यालय के रोवर्स सीनियर रोवर मेंट आशीष शर्मा के नेतृत्व में पंकज तंवर, राजेश सिंह सहित अनेक रोवर्स व राजकीय बी आर अंबेडकर बालक छात्रावास सीकर के स्काउट हेमंत अलवरिया, कवि ओम अलवरिया, नितिन, गंभीर, दिलखुश, वीरेंद्र, कपिल, सुधांशु, देवराज, आदित्य, बृजेश, अंकित, रोहित, गौरव मीना, बलवंत सिंह, नागेंद्र मीणा, गोलू मीणा, गुलशन वर्मा, प्रताप ओपन रोवर क्रू रींगस से राजेश कुमार, अंकुर ने भाग लिया।

- राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोगढ़, बस्सी में संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान दिवस की डायमंड जुबली मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में गठित बाल संसद के मंत्रियों को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम न्यायालय बस्सी श्री आशीष जयपाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सहायक जिला कमिश्नर ट्रूप लीडर एवं



प्रधानाचार्य शिव शंकर प्रजापति ने जानकारी दी कि संविधान दिवस के पावन पर्व पर विद्यालय में पधारे माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री आशीष जयपाल का मुख्य द्वार पर मांगलिक तिलक द्वारा स्वागत किया गया। भारत स्काउट गाइड, स्थानीय संघ, बस्सी की स्थानीय गाइड कंपनी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मजिस्ट्रेट ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में गाइड कंपनी द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया तथा भावी मतदाताओं को मतदान की शपथ ग्रहण करवाई गई। न्यायाधीश ने बाल संसद के 11 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। माननीय न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि बाल संसद का गठन स्वस्थ लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। इस विद्यालय की बालिकाओं को प्रारंभिक स्तर से ही लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी हो सकेगी। उन्होंने न्यायिक क्षेत्र में बालिकाओं के कैरियर की भी जानकारी दी एवं बालिकाओं को विधिक अधिकारों से अवगत कराया। बाल संसद के मंत्रियों ने अपने विभाग की कार्य योजना भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मुकेश बैरवा, वरिष्ठ लिपिक निर्मल कुमार, रीडर योगेंद्र कुमार, वरिष्ठ अध्यापक सुभाष परेवा, नरेश मीणा, गाइड कैप्टन मीनाक्षी मीणा, रोशन मीणा, रतनलाल शर्मा, जितेंद्र मीणा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जोधपुर संभाग

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, जोधपुर के तत्वावधान में राज्य पुरस्कार स्काउट व रोवर जांच शिविर जिला प्रशिक्षण केंद्र चौपासनी जोधपुर पर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 87 स्काउट व 33 रोवर ने सहभागिता



की। शिविर संचालक छतर सिंह पिड़ीयार सी.ओ. स्काउट जोधपुर एवं मुख्य परीक्षक श्री दलपत सिंह राव प्री ए.एल.टी. पाली एवं राज्य पुरस्कार रोवर शिविर का संचालन डॉ. एस. एल. नामा रोवर लीडर जोधपुर विश्वविद्यालय ने किया। शिविर में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम तक की संपूर्ण जांच ली गई एवं सफल संभागियों की अभिशंसा राज्य मुख्यालय के लिए अग्रेषित की गई।

- भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, सिणधरी बाड़मेर के तत्वावधान में राउमावि भाटाला में आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण व जांच शिविर के समापन समारोह में अध्यक्षीय भाषण में सीबीईओ पदेन प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सतपाल सिंह बटेर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्काउटिंग गतिविधियों से विद्यार्थी में अनुशासन के साथ साथ स्वावलंबन, समाजसेवा, राष्ट्रीयभाव जागृति का कार्य होता है। मुख्य अतिथि व सीबीईओ पायला कला ईश्वराराम जाखड़ ने कहा कि आज के भौतिक युग में भी स्काउट गाइड बालचर में परहित सेवा के भाव विकसित करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य पायला



कला, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम सोनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मूलाराम पीईईओ लोलावा, स्थानीय प्रधानाचार्य जगमालाराम बिश्नोई, रामअयोध्या प्रसाद, देवाराम लखारा ने भी संबोधित किया। शिविर संचालक गोरधनराम चौधरी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान बालचरों ने स्काउटिंग विधा हैंड सीट्स, स्ट्रेचर, ट्रेसल, पट्टियां आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के सौजन्य से भामाशाहों, शिविर संभागियों, स्काउटर गाइडर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट गाइड ने रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम का संचालन दूदाराम चौधरी ने किया। शिविर में चंपालाल, रमेश कुमार वर्मा, भूराराम डूडी, तेजाराम, शारदा, पूनमाराम नेहरा आदि प्रशिक्षक समेत बाबूलाल, शंकरलाल चौधरी, समुंद्रसिंह, मांगीलाल जवड़ा, बोनाराम भील, हनुमानराम, गंगाराम पोटलिया, रेखा, निकिता मीणा, पुरखाराम, सोहनलाल, सुरेश कुमार, सुरेशराम, धर्माराम, रूपचंद आदि स्काउटर गाइडर ने सेवाएं दी।

- भारत स्काउट व गाइड, बाड़मेर जिला मुख्यालय के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बायतु में राज्य पुरस्कार गाइड व रेंजर अभिषंशा शिविर आयोजित किया गया। तीन

दिवसीय शिविर के अंतिम दिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। द्वितीय प्रहर में मुख्य परीक्षक शकुंतला पांडे ने ध्वजारोहण करवाकर शिविर शुरू किया। सी.ओ. स्काउट योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच



शिविर में बाड़मेर व बालोतरा जिले से 75 गाइड तथा 39 रेंजर सहित कुल 114 संभागियों ने भाग लिया। शिविर में गाइड प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक के 20 विषयों की परीक्षा का आयोजन किया गया। शिविर में रेंजर विभाग का संचालन के. सी. बेनीवाल व रेंजर लीडर लक्ष्मी चौधरी, मीना कुमारी, रेवंती चौधरी, कमला चौधरी, रिडमल जाणी, गणपत चौधरी, विष्णु दत्त ने सेवाएं दी।

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बाड़मेर के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय, तृतीय सोपान कैंप में स्काउट की ओर से संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। सभी संभागियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। जिसमें बतौर अतिथि हीरानाथ गोस्वामी व योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने स्काउटिंग की जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिविर प्रभारी



नारायण राम सोलंकी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया सह प्रभारी अर्जुन राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बाड़मेर के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बायतु में राज्य पुरस्कार स्काउट बालचरों का अभिषंशा शिविर सर्वधर्म प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। शिविर में बाड़मेर जिला मुख्य परीक्षक अनिल कुमार शर्मा, बालोतरा जिला मुख्य परीक्षक हीरानाथ गोस्वामी व रोवर परीक्षक आदर्श किशोर जानी के निर्देशन में




विभिन्न विषयों की जांच की गई। सी.ओ. स्काउट योगेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच शिविर में बाड़मेर जिले से 133 स्काउट, बालोतरा जिले से 127 स्काउट तथा 38 रोवर सहित कुल 298 ने भाग लिया। शिविर में प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक के 20 विषयों की परीक्षा ली गई है। शिविर में परीक्षक एलटी डूंगराराम जाखड़, एएलटी चुन्नीलाल मीना, गोपाल गर्ग, रघुनाथराम वाघेला, दलाराम चौधरी, दूदाराम चौधरी, रिडमलराम जानी, नारायणराम सोलंकी, गणपत चौधरी, शैतानसिंह भाटी, विष्णु दत्त ने सेवाएं प्रदान की।

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के तत्वावधान में जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश जायसवाल और प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर पाली बसंत परिहार के निर्देशन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सी.ओ. स्काउट गोविंद मीणा ने बताया कि स्काउट कार्यालय से राजकीय बांगड़ विद्यालय पाली तक स्काउट गाइड ने जागरूकता रैली निकालते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलीथिन उन्मूलन के लिए प्रयास किया। लोगों को जागरूक करने के लिए रैली में निनाद एवं बेनर के माध्यम से पॉलीथिन उन्मूलन एवं नशा




मुक्ति की रैली निकाली। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल ने स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे नवाचार और सामुदायिक सेवा से जुड़े कार्यों जैसे वृक्षारोपण, नशा मुक्ति रैली, पॉलीथिन उन्मूलन रैली, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता रैली और अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य राजकीय बांगड़ स्कूल बसंत परिहार ने सभी स्काउट गाइड द्वारा लोगों को सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, नशा मुक्ति आदि के

लिए लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियों से जुड़कर बालक अपने जीवन में अनुशासन के साथ प्रयत्नशील रहकर देश के लिए सुनागरिक बनता है। प्रधानाचार्य भारतीय बाल निकेतन विद्यालय हजारी लाल, स्काउट यूनिट लीडर प्रदीप कुमार शर्मा, कैलाश कुमार, रोवर कैलाश, विशाल, करण, दिनेश एवं रेंजर प्रिया आदि ने स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।

## कोटा संभाग

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बारां के तत्वावधान में प्रकृति अध्ययन शिविर का शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम रेगर, जिला शिक्षा अधिकारी पीयूष कुमार शर्मा एवं सी.ओ. बूंदी मधु कुमारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर स्काउट गाइड को इको किट



टी—शर्ट कैप व अन्य सामग्री देकर प्रकृति के बारे में बताते हुए जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा ने प्रकृति को भगवान से जोड़ते हुए बताया कि भ से भूमि, ग से गगन, वा से वायु, न से नीर बताते हुए बताया कि पूरी प्रकृति भगवान की देन है अतः इसकी रक्षा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और हमें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। मुख्य जिला आयुक्त गेंदाराम रेगर ने स्काउट गाइड को संकल्प दिलाया कि वह हमेशा प्रकृति की रक्षा करते हुए जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, भू संरक्षण आदि का कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी पीयूष कुमार शर्मा ने स्काउट गाइड द्वारा इको क्लब के माध्यम से पूरे जिले में किए कार्यों की सराहना की। शिविर में विकास कुमार जाटव, लक्ष्य गोयल आदि ने सहयोग किया। अंत में जिला हैडक्वार्टर कमिश्नर भैरूलाल वर्मा ने सभी को एक पर्यावरण गीत सुनकर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रकृति अध्ययन शिविर का संचालन रोवर लीडर महेश सेन एवं कमलेश मीणा ने संयुक्त रूप से किया। कमलेश मीणा ने बताया कि शिविर में निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रकृति के नजदीक जाने के लिए भ्रमण आदि के कार्यक्रम आयोजित किए गए। महेश सेन ने ध्वजारोहण कर शिविर प्रारंभ किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झालावाड़ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रकृति अध्ययन शिविर के अन्तिम दिवस का ध्वजारोहण लीडर ट्रेनर श्री कृष्ण मोहन देवड़ा द्वारा किया गया। सी.ओ.(स्काउट) रामकृष्ण शर्मा नें बताया कि इस शिविर में आए हुए स्काउट गाइड को राजकीय नर्सरी, विज्ञान पार्क, हर्बल गार्डन, नवलखा किले में भ्रमण करवाया गया। सभी स्काउट गाइड द्वारा अपने विद्यालय महाविद्यालय में



नेशनल ग्रीन कोर योजना की गतिविधियां आयोजित कर उनको वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की वेब साईट पर ऑनलाईन अपने कार्यों की रिपोर्ट अपडेट करेंगे। इस शिविर के सहसंचालन में गाइडर श्रीमती प्रियंका, स्काउटर श्री राजेन्द्र कुमार, हरिओम लववंशी, बिरधी लाल मीणा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झालावाड़ पर दिनांक 01 से 07 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय ग्रुप वार्षिक गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री साजिद खान के सान्निध्य में गाइड, रोवर, रेंजर, छात्राध्यापिकाओं ने शिविर में योगगीत, स्वास्थ्य चेतना गीत, नशामुक्ति गीत, फर्स्ट ऐड, पायनियरिंग आदि का प्रदर्शन किया। स्वयं नशा न करने व अन्य लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया तथा नशामुक्ति की प्रतिज्ञा की। बालिकाओं ने सुश्री कृष्णा से आत्मरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री खान ने कहा की आप लोगों के मनोरंजन के कार्यक्रम देखकर मुझे भी मेरे विद्यार्थी जीवन की याद आ गई। हम भी आप जैसे ही आनंद उठाते थे। शिविर संचालक श्री कृष्ण मोहन देवड़ा अध्यक्ष प्रेरणा जनकल्याण संस्थान एवं लीडर ट्रेनर ने बच्चों को विभिन्न गीतों के माध्यम से नशामुक्ति,



योग के प्रति जागरूक किया। श्री रामकृष्ण शर्मा सी.ओ. (स्काउट), श्री चौथमल, हरिओम लववंशी ने शिविर के संचालन में भूमिका निभाई। शिविर संचालन में श्रीमती प्रियंका ने सहसंचालक की भूमिका निभाई। शिविर संचालन में सुश्री कोमल चौरसिया, ज्योति साहू, श्री राकेश कुमार, बीरम लोधा, अनुज अग्रवाल, दुर्गाशंकर, हिमांशु नाथ, अजय गुर्जर ने सहयोग किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झालावाड़ पर जिला स्तरीय स्काउट ग्रुप वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 07 से 13 दिसम्बर तक किया गया। शिविर के संचालक श्री कृष्णमोहन देवड़ा ने बताया की शिविर में मदर इण्डिया व ग्रेट इण्डिया शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज के 160 छात्र अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रातःकाल से रात तक प्राप्त बी.पी. सिक्स, सेवाकार्य, ध्वजारोहण, प्रथम प्रहर प्रशिक्षण में विभिन्न गांठे, प्राथमिक सहायता, मेपिंग, सिग्नलिंग, प्रतिदिन ड्युटी चेंज, स्वयं द्वारा चूल्हे पर रोटियां बनाना, द्वितीय प्रहर प्रशिक्षण में अवकाश अभ्यास कार्य का टेस्ट, मनोरंजन, प्रशिक्षण, खेलकूद, रात्रि भोजन एवं अन्त में शिविर



ज्वाल कार्यक्रम किया जाता था। उक्त गतिविधियों द्वारा छात्र अध्यापकों को स्काउटिंग की गतिविधियों की शिक्षा के साथ अनुशासन, व्यवहारिक ज्ञान, चारीत्रिक विकास एवं सेवाभावी बनने की शिक्षा प्रदान की गई। सी.ओ. स्काउट रामकृष्ण शर्मा ने बताया की उक्त प्रशिक्षण डी.एल.एड. अध्यापिकाओं के लिये पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है। जिसके द्वारा छात्र अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को छोटे बच्चों को खेल–खेल में शिक्षण करवाने में बहुत सहायता मिलती है। साथ ही शिविर के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देशों व उपनिदेशक समाज कल्याण श्री रामनिवास यादव, अधिशासी अभियंता श्री हुकुमचंद मीणा के निर्देशानुसार जिले को नशामुक्त बनाने के लिये स्काउट विभाग, प्रेरणा जनकल्याण संस्थान के सहयोग से स्काउट गाइड प्रशिक्षण के साथ जन जन को नशे से दूर रहने और जीवन जीने की कला सिखाने के लिये प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में स्काउटर श्री चौथमल शर्मा, हरिओम लववंशी, बीरमलाल, दुर्गाशंकर, नानूराम, नेमीचन्द, अनुज अग्रवाल, अजय गुर्जर एवं समस्त रोवर्स द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## उदयपुर संभाग

- उदयपुर विजिट के दौरान राज्य संगठन आयुक्त (कार्यवाहक) सुयश लोढ़ा द्वारा उदयपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों की विजिट की गई, जिसमें इंडो अमेरिकन पब्लिक स्कूल, सेंट पॉल सीनियर सेकैंडरी स्कूल, सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकैंडरी स्कूल भोपालपुरा में विजिट की गई। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की बुलबुल द्वारा बुलबुल नाद से अतिथि का स्वागत किया गया।




पूनम राठौड़ प्रधानाचार्य द्वारा सुश्री लोढ़ा का स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में बैंड प्रदर्शन एवं गार्ड ऑफ ऑनर देकर गाइड्स ने स्वागत सत्कार किया। सुश्री लोढ़ा ने सेंट्रल पब्लिक स्कूल के बुलबुल एवं गाइड की हृदय से सराहना की और कहा कि राजस्थान की ऐसी विद्यालय जिसमें इतनी सुसंगठित गतिविधियां चल रही है उन्हें राज्य स्तर ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए। कृष्णा शक्तावत प्राध्यापिका सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने अतिथियों का शॉल द्वारा सम्मान किया। विजयलक्ष्मी वर्मा सी.ओ. गाइड ने बताया की सेंट्रल पब्लिक स्कूल के गाइड्स एवं बुलबुल ने हीरक पंख, गोल्डन एरो एवं राज्य पुरस्कार तक योग्यता प्राप्त कर रखी है और यहां की गाइडर ने इंटरनेशनल इवेंट में भी सहभागिता की है। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड ने सीबीएसई विद्यालयों की जिला कोऑर्डिनेटर के रूप में सभी विद्यालयों में स्काउट गाइड एक्टिविटी को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास करने को कहा। इस मौके पर गाइडर लता मोगरी द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। अनम अहमद ने सभी अतिथियों को विद्यालय परिसर का निरीक्षण करवा धन्यवाद ज्ञापित किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमन्द के तत्वाधान में 7 दिवसीय फ्लॉक व गाइड केप्टिन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर, 2024 तक किया गया। शिविर में एल 1 की 19 महिला शिक्षक व एल 2 की 20 महिला शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण शिविर में फ्लॉक में सुश्री दया मेघानी व गाइड में श्रीमती शीला पोखरना ने शिविर संचालिका के रूप में अध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया। शिविर में फ्लॉक सम्भागियों को करतल, तारा की कहानी, बड़ी सलामी, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झण्डा गीत, गांठे, भलाई के कार्य तथा गाइड कैप्टिन बेसिक कोर्स



सम्भागियों को कम्पास, दिशा ज्ञान, फर्स्ट एड, लैसिंग, गेजेट्स बनाना, समाज में सेवा कार्य एवं प्रोजेक्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सी.ओ. गाइड मिश्रा ने बताया की शिविर के चौथे दिन स्थानीय संघ सचिव राजसमन्द धर्मेन्द्र अनोखा ने व स्थानीय संघ सचिव देवगढ रामसिंह चौहान ने अवलोकन किया। शिविर में राजसमन्द जिले की राजसमन्द, खमनोर, देवगढ़, कुम्भलगढ़, नाथद्वारा, व आमेट ब्लॉक की शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण दल में मधुलता व्यास वरिष्ठ गाइडर भाटोली, शारदा खटीक फ्लॉक लीडर, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मोही, विरांगना मीणा, सपना आचार्य ने शिविरार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर अपना सहयोग प्रदान किया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला परिषद, चित्तौडगढ़ का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन 27 नवम्बर को आर.एन.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेज कपासन, जिला चित्तौडगढ़ में डॉ. इन्द्र मल सेठिया जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री अनिल सक्सैना, श्याम लाल शर्मा सरपंच विजयपुर, जिला




आयुक्त वयस्क संसाधन स्काउट श्री इन्द्र लाल आमेटा, जिला हैडक्वार्टर कमिश्नर व निदेशक श्रीमती नीमा खान – सचिव दीक्षा क्रियेशन्स सोसायटी, जिला हैडक्वार्टर कमिश्नर श्रीमती कल्यानी दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष श्री रामेश्वर लाल भराड़िया, विशेष आमंत्रित अतिथि श्री शिव नारायण शर्मा अकादमिक, निदेशक, आर.एन.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेज कपासन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमन्द के समीप स्थित सुर्योदय उच्च माध्यमिक विद्यालय एमडी में जिला मुख्यालय राजसमन्द के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय



राज्य पुरस्कार अभिशंसा शिविर का समापन प्रार्थना सभा के साथ हुआ। सी.ओ.गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि 18 से 20 नवम्बर तक आयोजित राज्य पुरस्कार जांच शिविर में राज्य मुख्यालय से लगाये गये परीक्षक तेज शंकर चौबीसा एवं गाइड विभाग की हिमालय वुड बैज मलकीत कौर ने स्काउट गाइड की जांच के तहत युनीफार्म, लॉग बुक, नियम, प्रार्थना प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, गांठे लगाना, स्काउटिंग गाइडिंग के इतिहास, झण्डे की जानकारी, प्राथमिक उपचार के साथ प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान व राज्य पुरस्कार तक के बैजेज की गहनता से जांच की व उनका मुल्यांकन किया। स्थानीय संघ सचिव राजसमन्द धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच शिविर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एमडी, राउमावि गजपुर, राउमावि कुंचोली, जनजाति कुंचोली महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चारभुजा, स्वामी वि. मॉ. स्कूल कुम्भलगढ राउमावि मियाला, राउमावि रीछेड, राउमावि उमरवास, राउमावि ईशरमण्ड, एल.पी.एस. स्कूल कांकरोली, सी.बी.ए. मजा राजसमन्द, हैडक्वाटर ऑपन ट्रुप राजसमन्द, राबाउमावि रेलमगरा, राउमावि भाटोली, पी.एम. श्री रावत नाहर बा.वि. देवगढ़, स्वामी विवेकानन्द वि.मा.वि. देवगढ के स्काउट व गाइड ने भाग लिया। संचालक दल में राकेश टांक, माधव जटिया, प्रेमराज मीणा, विक्रम शेखावत, सुरेश चन्द्र खटीक, शेर सिंह सैनी, आशा सुखवाल, जसराज सरगरा, रामसिंह चौहान, रोशन लाल रेगर, महेश सोनी ने अपनी सराहनीय सेवा प्रदान की।

- द विजन एकेडमी स्कूल, गुलाब बाग रोड़, उदयपुर के सौजन्य से दिनांक 30 नवम्बर को 'हेल्थ सैनिटाइजेशन एंड क्लीनलीनेस' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विद्यालय के 15 स्काउट 20 गाइड ने मिलकर



# राष्ट्रीय स्तरीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण






भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर पांच दिवसीय महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर मंडी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालास गुसाइयाँ, नागौर की गाइड केप्टिन डॉ. पूजा शर्मा, गाइड छात्रा मोनिका बेड़ा, बालिका विद्यालय परबतसर की निशा चौधरी, आदर्श ओपन गाइड कम्पनी नागौर की अवनी शर्मा, हनुमानपुरा की गाइडर सुमन चौधरी, प्रेमपुरा की गाइडर किरण घोटिया, सोनेली की रेंजर लीडर अभिलाषा, मुंदियाड़ की गाइडर सरिता काला द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश एसपी श्रीमती साक्षी वर्मा, एलओसी श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव, डीओसी कल्पना, राज्य मुख्यालय से सप्रिया कंवर, किरण व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा महिला शिक्षा व आर्थिक आत्मनिर्भरता पर उद्बोधन दिया गया। राजस्थान की गाइड केप्टिन डॉ. पूजा शर्मा द्वारा कार्यक्रम के प्रति अनुभव कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। राजस्थानी लोक नृत्य, हिमाचली नाटी व झारखण्ड का लोकनृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

शिविर के चतुर्थ दिवस प्रथम सत्र में कराटे गतिविधि में काथा के साथ साथ सीएचओ डॉ. ममता द्वारा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। द्वितीय सत्र में हिमाचल प्रदेश स्टेट चीफ कमिश्नर स्काउट ललित मोहन शर्मा, असिस्टेंट चीफ कमिश्नर डॉ. एस.के. बंसल व स्टेट सचिव डॉ. राजकुमार द्वारा सभी संभागियों से कैंप का फीडबैक लिया गया।

राजस्थान के संभागियों के उत्तम प्रदर्शन के लिए अतिथियों द्वारा सराहना की गई। अंत में सभी को सर्टिफिकेट देकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गतिविधि दर्पण

प्रस्तुति दी। लीडर श्रीमती शिप्रा चतुर्वेदी ने गाइड और उमेश चंद्र पुरोहित ने स्काउट का नेतृत्व किया और एक सफल नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लीडर्स ने बताया कि नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य स्वच्छता व सफाई के संदेश को जन–जन तक पहुंचना और आसपास की जगह को साफ रखना, गंदगी को हटाना, क्लीनलीनेस बढ़ाना है, ताकि हम स्वस्थ रह सके और एक शरीर को स्वस्थ व शहर को स्वच्छ बना सके। विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर प्रतिमा सामर ने सभी स्काउट गाइड की भूरी भूरी प्रशंसा की।



झुंझुनू जिला मिनी जम्बूरी में राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन स्मृति चिन्ह प्रदान कर झुंझुनू विधायक श्री राजेंद्र भाम्बू का अभिनन्दन करते हुए

हमारे महापुरुष

# सत्येन्द्रनाथ बोस



भौतिक शास्त्र में दो प्रकार के अणु माने जाते हैं – बोसान और फर्मियान। इनमें से 'बोसान' सत्येन्द्र नाथ बोस के नाम पर ही है, जो विश्व विख्यात भारतीय गणितज्ञ और भौतिक शास्त्री हैं।

सत्येन्द्रनाथ बोस का जन्म 1 जनवरी 1894 को कोलकाता में हुआ था। उनकी आरंभिक शिक्षा उनके घर के पास ही स्थित साधारण स्कूल में हुई थी। इसके बाद उन्हें न्यू इंडियन स्कूल और फिर हिंदू स्कूल में भर्ती कराया गया। स्कूली शिक्षा पूरी करके सत्येन्द्रनाथ बोस ने कोलकाता के प्रसिद्ध प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। वह अपनी सभी परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक पाते रहे और उन्हें प्रथम स्थान मिलता रहा। उनकी प्रतिभा देखकर कहा जाता था कि वह एक दिन पियरे साइमन, लेप्लास और आगस्टीन लुई काउथी जैसे गणितज्ञ बनेंगे।

सत्येन्द्रनाथ बोस ने सन् 1915 में गणित में एम.एस.सी. परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण की। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर सर आशुतोष मुखर्जी ने उन्हें प्राध्यापक के पद पर नियुक्त कर दिया। उन दिनों भौतिक विज्ञान में नई–नई खोजें हो रही थीं। जर्मन भौतिक शास्त्री मैक्स प्लांक नेक्वांटम सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। उसका अर्थ यह था कि ऊर्जा को छोटे–छोटे हिस्सों में बाँटा जा सकता है। जर्मनी में ही अल्बर्ट आइंस्टीन ने 'सापेक्षता का सिद्धांत' प्रतिपादित किया था। सत्येन्द्रनाथ बोस इन सभी खोजों का अध्ययन कर रहे थे। बोस तथा आइंस्टीन ने मिलकर बोस–आइंस्टीन स्टैटिस्टिक्स की खोज की।

बोस का मानना था कि यदि किसी विषय का अध्ययन करना है तो उसके मूल तक जाना आवश्यक है। अर्थात् विषय विशेषज्ञों द्वारा किए गए कार्य का अध्ययन करना। बोस इन पुस्तकों को स्वयं तो पढ़ने में समर्थ थे क्योंकि उस समय अधिकांश शोधकार्य जर्मन और फ्रांसीसी भाषाओं में ही उपलब्ध था। परंतु जिन्हें इन भाषाओं का ज्ञान नहीं था, के लिए बोस ने कुछ महत्वपूर्ण शोध पत्रों को अंग्रेजी में अनुवाद करने का निश्चय किया। विषय और भाषा सीखने का यह एक अच्छा तरीका था। बोस ने सापेक्षता सिद्धांत के शोधपत्रों का अनुवाद प्रारंभ किया जिन्हें बाद में कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किया गया। आइंस्टाइन ने, जिन्होंने ये शोधपत्र जर्मन भाषा में लिखे थे, अंग्रेजी में अनुवाद करने का अधिकार इंग्लैण्ड के मेथुइन को दिया था। जब मेथुइन को इस बात का पता चला तो उन्होंने इस प्रकाशन को रोकने का प्रयास किया। भाग्यवश आइंस्टाइन ने मध्यस्थता करते हुए पुस्तक के केवल भारत में ही वितरण पर अनापत्ति जतायी।

सन् 1921 में ढाका विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। कुलपति डॉ. हारटॉग ढाका विश्वविद्यालय में अच्छे विभागों की स्थापना करना चाहते थे। उन्होंने भौतिकी विभाग में रीडर के लिए बोस को चुना। सन् 1924 में साहा ढाका आए जो कि उनका गृहनगर था और अपने मित्र बोस से भेंट की। बोस ने साहा को बताया कि वह कक्षा में प्लांक के विकिरण नियम को पढ़ा रहे हैं, परंतु इस नियम के लिए पुस्तकों में दी गई व्युत्पत्ति से वे सहमत नही हैं। इस पर साहा ने आइंस्टाइन और प्लांक के द्वारा हाल ही में किए गए कार्यों के प्रति बोस का ध्यान आकर्षित किया। अब बोस ने अपने तरीके से प्लांक के नियम की नयी व्युत्पत्ति दी। बोस के इस तरीके ने भौतिक विज्ञान को एक बिलकुल ही नयी अवधारणा से परिचित कराया। बोस ने इस शोधपत्र को 'फिलासॉफिकल मेगजीन' में प्रकाशन के लिए भेजा परंतु इस बार उनके शोधपत्र को अस्वीकार कर दिया गया, जिससे बोस हतोत्साहित हुए क्योंकि उनका मानना था कि यह व्युत्पत्ति उनके पहले के कार्यों से कहीं ज्यादा तार्किक थी। फिर बोस ने साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने इस शोधपत्र को आइंस्टाइन के पास बर्लिन इस अनुरोध के साथ भेजा कि वे इस शोधपत्र को पढ़ें एवं अपनी टिप्पणी दें और यदि वे इसे प्रकाशन योग्य समझें तो जर्मन जर्नल 'Zeitschrift fur Physik' में प्रकाशन की व्यवस्था करें। इस शोधपत्र को आइंस्टाइन ने स्वयं जर्मन भाषा में अनुदित किया तथा अपनी टिप्पणी के साथ 'Zeitschrift fur Physik' में अगस्त 1924 में प्रकाशित करवाया। आइंस्टाइन ने शोधपत्र के सम्बन्ध में एक पोस्टकार्ड भी भेजा, जो बोस के लिए बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध हुआ।

बोस ने वर्ष 1924 में ढाका विश्वविद्यालय से 2 वर्ष का अवकाश लिया और अक्टूबर 1924 में सत्येन्द्र नाथ यूरोप पहुँचे। बोस पहले एक वर्ष पेरिस में रहे। फ्रांस में रहते हुए बोस ने मैडम क्यूरी की

प्रयोगशाला में बोस ने कुछ जटिल गणितीय गणनाएं की तथा मॉरिस डी ब्रोग्ली के साथ बोस का अनुभव अच्छा रहा। ब्रोग्ली से इन्होंने एक्स–रे की नई तकनीकों के बारे में सीखा।

अक्टूबर 1925 में बोस ने बर्लिन जाने का विचार बनाया जिससे वे अपने 'मास्टर' से मिल सकें। बोस आइंस्टाइन को 'मास्टर' से सम्बोधित करते थे। वास्तव में बोस आइंस्टाइन के साथ काम करना चाहते थे। जब बोस बर्लिन पहुँचे तो उन्हें निराशा हुई क्योंकि आइंस्टाइन शहर से बाहर गए हुए थे। कुछ समय बाद आइंस्टाइन वापस आए और बोस से मुलाकात की। बोस के शब्दों में यह एक दिलचस्प मुलाकात थी।

बोस सन् 1926 से 1945 तक ढाका में रहे परंतु शोधपत्रों का प्रकाशन क्रम पहले की भांति नहीं रहा। सन् 1945 में बोस कलकत्ता वापस आ गए और कलकत्ता विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर पद पर नियुक्त हो गए। बोस 1956 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त होकर शांति निकेतन चले गए। टैगोर सत्येन्द्र नाथ बोस से अच्छी तरह परिचित थे तथा उन्होंने अपनी पुस्तक 'विश्व परिचय' भी बोस को समर्पित की थी। परंतु पुराने लोगों ने बोस को पसंद नहीं किया जिससे बोस को बहुत निराशा हुई और 1958 में उन्हें कलकत्ता वापस लौटना पड़ा। इसी वर्ष बोस को रॉयल सोसायटी का फैलो चुना गया और इसी वर्ष उन्हें राष्ट्रीय प्रोफेसर नियुक्त किया गया। बोस अगले 16 बरसों तक (मृत्यु पर्यंत) इस पद पर बने रहे।

सत्येन्द्र नाथ बोस ललित कला और संगीत प्रेमी थे। बोस के मित्र बताते थे कि उनके कमरे में किताबों, आइंस्टीन, रमन आदि वैज्ञानिकों के चित्र के अलावा एक वाद्य यंत्र यसराज हमेशा रहता था। बोस यसराज और बांसुरी बजाया करते थे। परंतु यसराज तो किसी विशेषज्ञ की तरह बजाते थे। बोस के संगीत प्रेम का दायरा लोक संगीत, भारतीय संगीत से लेकर पाश्चात्य संगीत तक फैला हुआ था। प्रो. धुरजटी दास बोस के मित्र थे। जब प्रो. दास भारतीय संगीत पर पुस्तक लिख रहे थे तब बोस ने उन्हें काफी सुझाव दिए थे। प्रो. दास के अनुसार बोस यदि वैज्ञानिक नही होते तो वह एक संगीत गुरू होते। निसंदेह आइंस्टाइन ही बोस के जीवन की प्रेरणा थे। कहते हैं जब बोस को आइंस्टाइन की मृत्यु का समाचार मिला था तो वह भावुक होकर रो पड़े थे। आइंस्टाइन विज्ञान के क्षेत्र में एक महानायक के समान थे और बोस उनमें ईश्वर की तरह श्रद्धा रखते थे।

सन् 1974 में बोस के सम्मान में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें देश–विदेश के कई वैज्ञानिक सम्मिलित हुए। इस अवसर उन्होंने कहा 'यदि एक व्यक्ति अपने जीवन के अनेक वर्ष संघर्ष में व्यतीत कर देता है और अंत में उसे लगता है कि उसके कार्य को सराहा जा रहा है तो फिर वह व्यक्ति सोचता है कि अब उसे और अधिक जीने की आवश्यकता नहीं है।' और कुछ ही दिनों के बाद 4 फ़रवरी 1974 को सत्येन्द्र नाथ बोस हमारे बीच से हमेशा के लिए चले गए।

## CELEBRATIONS DAYS : JANUARY-FEBRUARY 2025

| | | |
|---|---|---|
| 06 January | : | Guru Gobind Singh Jayanti |
| 10 January | : | World Hindi Day |
| 12 January | : | National Youth Day |
| 23 January | : | Subhash Chandra Bos Jayanti |
| 24 January | : | National Girl Child Day |
| 25 January | : | National Voters Day |
| 26 January | : | Republic Day |
| 30 January | : | Shahid Diwas (Gandhi ji) |
| 07February | : | Safer Internet Day |
| 20 February | : | World Social Justice Day |
| 21 February | : | International Mother Language Day |
| 22 February | : | Baden Powell Day or Founders' Day |
| 22 February | : | World Thinking Day |
| 28 February | : | National Science Day |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

हमारा स्वास्थ्य

# नेचुरल एंटीबायोटिक - हल्दी

संकलनकर्ता - डॉ. पी.सी. जैन

आयुर्वेद में हल्दी को सबसे बेहतरीन नेचुरल एंटीबायोटिक माना गया है। इसलिए यह स्किन, पेट और शरीर के कई रोगों में उपयोग की जाती है। हल्दी के पौधे से मिलने वाली इसकी गांठें ही नहीं, बल्कि इसके पत्ते भी बहुत उपयोगी होते हैं। ये तो हुई बात हल्दी के गुणों की, इसी प्रकार दूध भी प्रातिक प्रतिजैविक है। यह शरीर के प्रातिक संक्रमण पर रोक लगा देता है। हल्दी व दूध दोनों ही गुणकारी हैं, लेकिन अगर इन्हें एक साथ मिलाकर लिया जाए तो इनके फायदे दोगुना हो जाते हैं। इन्हें एक साथ पीने से कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं दूर होती हैं।

**एक कप दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पीने के हैं ये 13 फायदेः-**

### 1. हड्डियों को पहुँचाता है फायदा

रोजाना हल्दी वाला दूध लेने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम मिलता है। हड्डियां स्वस्थ और मजबूत होती है। यह ऑस्टियोपोरेसिस के मरीजों को राहत पहुंचाता है।

### 2. गठिया दूर करने में है सहायक

हल्दी वाले दूध को गठिया के निदान और रियूमेटॉइड गठिया के कारण सूजन के उपचार के लिए उपयोग किया जाता है। यह जोड़ों और पेशियों को लचीला बनाकर दर्द को कम करने में भी सहायक होता है।



### 3. टॉक्सिन्स दूर करता है

आयुर्वेद में हल्दी वाले दूध का इस्तेमाल शोधन क्रिया में किया जाता है। यह खून से टॉक्सिन्स दूर करता है और लिवर को साफ करता है। पेट से जुड़ी समस्याओं में आराम के लिए इसका सेवन फायदेमंद है।

### 4. कीमोथेरेपी के बुरे प्रभाव को कम करता है

एक शोध के अनुसार, हल्दी में मौजूद तत्व कैंसर कोशिकाओं से डीएनए को होने वाले नुकसान को रोकते हैं और कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करते हैं।

### 5. कान के दर्द में आराम मिलता है

हल्दी वाले दूध के सेवन से कान दर्द जैसी कई समस्याओं में भी आराम मिलता है। इससे शरीर का रक्त संचार बढ़ जाता है जिससे दर्द में तेजी से आराम होता है।

### 6. चेहरा चमकाने में मददगार

रोजाना हल्दी वाला दूध पीने से चेहरा चमकने लगता है। रूई के फाहे को हल्दी वाले दूध में भिगोकर इस दूध को चेहरे पर लगाएं। इससे त्वचा की लाली और चकत्ते कम होंगे। साथ ही, चेहरे पर निखार और चमक आएगी।

### 7. ब्लड सर्कुलेशन ठीक करता है

आयुर्वेद के अनुसार, हल्दी को ब्लड प्यूरिफायर माना गया है। यह शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को मजबूत बनाता है। यह रक्त को पतला करने वाला और लिम्फ तंत्र और रक्त वाहिकाओं की गंदगी को साफ करने वाला होता है।

### 8. शरीर को सुडौल बनाता है

रोजाना एक गिलास दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर लेने से शरीर सुडौल हो जाता है। दरअसल गुनगुने दूध के साथ हल्दी के सेवन से शरीर में जमा फैट्स घटता है। इसमें उपस्थित कैल्शियम और अन्य तत्व सेहतमंद तरीके से वेट लॉस में मददगार हैं।

### 9. स्किन प्रॉब्लम्स में है रामबाण

हल्दी वाला दूध स्किन प्रॉब्लम्स में भी रामबाण का काम करता है।

### 10. लिवर को मजबूत बनाता है

हल्दी वाला दूध लिवर को मजबूत बनाता है। यह लिवर से संबंधित बीमारियों से शरीर की रक्षा करता है और लिम्फ तंत्र को साफ करता है।

### 11. अल्सर ठीक करता है

यह एक शक्तिशाली एंटीसेप्टिक होता है और आंत को स्वस्थ बनाने के साथ–साथ पेट के अल्सर और कोलाइटिस का उपचार करता है। इससे पाचन बेहतर होता है और अल्सर, डायरिया और अपच नहीं होता।

### 12. माहवारी में होने वाले दर्द से राहत देता है

हल्दी वाला दूध माहवारी में होने वाले दर्द में राहत देता है। गर्भवती महिलाओं को आसान प्रसव, प्रसव बाद सुधार, बेहतर दूध उत्पादन और शरीर को जल्दी सामान्य करने के लिए हल्दी का दूध लेना चाहिए।

### 13. सर्दी–खांसी में है रामबाण

हल्दी वाले दूध के एंटीबायोटिक गुण के कारण सर्दी–खांसी में ये एक कारगर दवा का काम करता है। हल्दी वाला दूध मुक्त रेडिकल्स से लड़ने वाले एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्त्रोत है। इससे कई बीमारियां ठीक हो सकती हैं।

पर्यटन स्थल

# पोखरण

## पाँच मिराजों वाला शहर

–स्काउट गाइड ज्योति डेस्क



राजस्थान के जैसलमेर जिले में थार रेगिस्तान में स्थित पोखरण एक प्राचीन विरासत का शहर है। इसके चारों ओर पांच बड़ी लवणीय चट्टानें हैं। पोखरण का शाब्दिक अर्थ है 'पाँच मृगमरिचिकाओं का स्थान'। यह स्थल पहली बार सुर्खियों में तब आया, जब भारत ने यहां श्रृंखलाबद्ध परमाणु परीक्षण किये। 18 मई 1974 को, पोखरण में भारत ने पहला परमाणु परीक्षण किया जिसका कूट था 'ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा'।

### क्या बनाता है शहर को अद्वितीय

यह स्थान अपनी हवेलियों, स्मारकों और मंदिरों के लिए विख्यात है। यहाँ के लोकप्रिय धार्मिक केन्द्रों में से एक बाबा रामदेव मंदिर है जो पोखरण से 12 किमी की दूरी पर रामदेवरा गांव में स्थित है। मंदिर में रामदेव जी की समाधि है। वह राजस्थान के हिंदूओं के आराध्य हैं। लोकप्रिय रामदेवरा मेले के दौरान इस स्थान पर हर साल बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

### पोखरण में आकर्षण के अन्य स्थान

### पोखरण का किला

बालागढ़ के रूप में जाना जाने वाला पोखरण किला 14 वीं सदी में निर्मित एक प्राचीन किला है। यह स्मारक थार रेगिस्तान में स्थित है। यह एक प्राचीन ऐतिहासिक व्यापार मार्ग पर स्थित है जहां से मसाले, नमक और रेशम का फारस और अन्य देशों को निर्यात किया जाता था। यह राठौड़ वंश के चम्पावत शासकों का किला है। किले का गौरवशाली अतीत और इतिहास भारत तथा विदेश के विभिन्न भागों से पर्यटकों को बड़ी संख्या में आकर्षित करता हैं।

यात्री यहां सुंदर लाल बलुआ पत्थर का महल, पारंपरिक झरोखे तथा भव्य टावरों को देख सकते हैं। वर्तमान में, ठाकुर नागेन्द्र सिंह पोखरन व उनकी पत्नी ठकुरानी यशवंत कुमारी पोखरन ने खुशी से आगंतुकों के लिए किले के द्वार खोल रखे हैं। यह किला मुगल और वास्तुकला के राजपूत शैली का एक शानदार उदाहरण है। किले में हथियार, कपड़े, चित्र और हस्तशिल्प के शाही संग्रह को प्रदर्शित करता एक संग्रहालय है। इसके अलावा, यहाँ एक शानदार पुस्तकालय है जिसमें महान राव बहादुर राजश्री, ठाकुर चैन सिंह जी पोकरन से सम्बद्ध पुस्तकों का अच्छा संग्रह है।

### बाबा रामदेव मंदिर, पोखरण

बाबा रामदेव मंदिर पोखरण से लगभग 12 किमी की दूरी पर रामदेवरा नामक एक गांव में स्थित है। रामदेव जी, राजस्थान के हिंदूओं के आराध्य की समाधि मंदिर में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि राजपूत राजा और 14 वीं सदी के संत, रामदेव जी असाधारण शक्तियों के मालिक थे, जिसकी प्रसिद्धि दूर–दूर तक थी। उन्होनें अपना पूरा जीवन गरीबों और पिछड़े वर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया था।

मंदिर की वर्तमान इमारत 1931 में बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह द्वारा उस स्थान पर बनवाई गई है जहां रामदेव जी ने अपने नश्वर शरीर को त्यागा था। रामदेव जी के मुख्य शिष्यों की समाधियां भी पांच मुस्लिम पीरों की कब्रों के साथ मंदिर परिसर में स्थित है। ये पीर मक्का से यहाँ रामदेव जी, जिन्हें उनके समुदाय में 'राम शाह पीर' कहा जाता था, को श्रद्धांजलि देने के लिए आये थे।

गांव के पास एक रामसर नामक पोखर स्थित है और लोगों का मानना है कि स्वंय बाबा ने इसका निर्माण किया था। वहाँ मंदिर के आसपास के क्षेत्र में एक सीढ़ीदार कुआं स्थित है। ऐसा माना जाता है कि इसके पानी में असाधारण चिकित्सा शक्तियां है।

### रामदेवरा मेला

रामदेवरा मेला हर साल अगस्त–सितंबर के दौरान आयोजित होने वाला एक विशाल मेला है। मेले में भाग लेने के लिए दूर–दराज के क्षेत्रों से भक्तों की एक बड़ी भीड़ यहां इकट्ठा होती है। इस दौरान सभी धर्मों और जातियों के लोग बाबा रामदेव मंदिर में उनकी पूजा–अर्चना के लिए आते हैं। मेले पर भक्तों द्वारा दिन–रात भजन और कीर्तन के आयोजन से मेला जीवंत हो उठता है।

### पहुँच

पर्यटक वायु, रेल और सड़क मार्ग से आसानी से पोखरण पहुँच सकते हैं। पोखरण के लिए निकटस्थ हवाई अड्डा, जोधपुर हवाई अड्डा तथा निकटस्थ रेलखंड जोधपुर रेलवे स्टेशन हैं। यात्री आस–पास के प्रमुख शहरों जैसे जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर से पोखरण बस से पहुंच सकते हैं।

### क्षेत्र की जलवायु

हालांकि यहां सालभर एक चरम जलवायु रहती है। पर्यटक अक्टूबर से मार्च माह के बीच पोखरण की यात्रा की योजना बना सकते हैं क्योंकि इस अवधि के दौरान मौसम सुखद और अनुकूल रहता है।

# दक्षता पदक

**स्काउट गाइड ज्योति में दक्षता पदकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जा रही हैं। आशा है यह जानकारी प्रशिक्षण के मद्देनज़र उपयोगी साबित होगी। इस अंक में 'विनोदक' दक्षता बैज की जानकारी दी जा रही है।**

## विनोदक
## ENTERTAINER

हँसमुख व्यक्तित्व उत्तम स्वास्थ्य का द्योतक है। बच्चों में उत्तम स्वास्थ्य वृद्धि की दृष्टि से विनोदक दक्षमा पदक का प्रावधान रखा है, जिससे वें इसकी विशेषताओं को जान सकें और स्वयं में एक हँसमुख व्यक्तित्व विकसित करें। विनोदक दक्षता पदक के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार किन्ही तीन में पारंगत होना आवश्यक है। कब/बुलबुल उसका चयन कर सकते हैं।

- •– किसी वाद्ययंत्र पर सरल धुन निकालना या कोई गीत लय में गा सकना।
- •– दो कलात्मक मुद्राओं पर ताल सहित कदम मिलाना।
- •– दो क्रियात्मक मुद्राओं सहित गीत व एक्शन साँग कर सकना।
- •– किसी ऐतिहासिक घटना अथवा कहानी का उचित वेशभूषा में अभिनय करना।
- •– वांछित चरित्र को उजागर करने की क्षमता को प्रकट करना।
- •– किसी कहानी को प्रभावी ढंग से अन्य कब/बुलबुल को सुनाना।

**निर्देश :-**

विनोदक दक्षता पदक प्रत्येक कब/बुलबुल को करवाया जाना चाहिए। इसमें कब मास्टर/फ्लॉक लीडर की अहम भूमिका रहती है। उपरोक्त कार्यों को करना जीवन की सुखमय प्रवृत्ति को उजागर करना है, यदि जीवन में संगीत को निकाल दें तो जीवन नीरस हो जायेगा। जीवन को रसमय बनाने के लिए संगीत का होना सुख की अनुभूति को प्रकट करता है। पक्षियों का कलरव, कोयल की कूक – यद्यपि हम भाषा नहीं जानते लेकिन उनमें भी संगीत, लय, ताल, रिद्म होता है।



आज के भौतिक और यंत्र चलित जीवन में टी. वी. में अनेक लाफ्टर शो चलते हैं, ताकि मनुष्य कुछ क्षण ही सही हँसें, मनोरंजन कर सके।

कब/बुलबुल गतिविधियों में भी विनोदक दक्षता बैज उनमें संगीत, हास्य, खुशी स्वयं के भावों की अभिव्यक्ति को प्रकट करने की क्षमता का विकास करता है। शंकालु प्रवृत्ति को दूर कर आत्मविश्वास जगाता है।

कहानी कला के माध्यम से क्रमबद्धता को व्यवस्था देना प्रकट करता है। बाल सभा, कब बुलबुल उत्सव, एक रात्रि शिविर इत्यादि में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु अवसर प्रदान करना।

जहाँ–जहाँ आवश्यक हो कब मास्टर/फ्लॉक लीडर को मार्गदर्शन व स्वयं करके बतलाना चाहिये ताकि कब/बुलबुल अनुसरण कर सकें।

## शोकाभिव्यक्ति

**श्री धीरज शैली, कार्मिक, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर की माताजी श्रीमती शीला शैली के आकस्मिक निधन पर स्काउट व गाइड परिवार संवेदना प्रकट करता है और प्रार्थना करता है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।**

**संपादक**

# गतिविधि पञ्चांग




## राज्य पञ्चांग

**PROPOSED**

| | स्थान | तिथियां |
|---|---|---|
| नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला स्तर | प्रति माह |
| स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर | प्रति माह |
| MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 5) | जिला स्तर | प्रति माह |
| नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियां | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| युवा दिवस | स्थानीय संघ /जिला स्तर पर | 12.01.2025 को |
| प्री ए.एल.टी कोर्स (स्काउट विभाग) | बीकानेर | 16 से 22.01.2025 |
| प्री ए.एल.टी कोर्स (गाइड विभाग) | बीकानेर | 16 से 22.01.2025 |
| जिला स्तरीय प्रतियोगिता रैलियां (द्वितीय चरण) | जिला स्तर पर | 16 से 20.01.2025 |
| द्वितीय/तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर | स्थानीय संघ स्तर | 01 से 05.02.2025 |
| स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला/मण्डल स्तर | 02 से 08.02.2025 |
| उर्स मेला अजमेर | मण्डल स्तर पर | 03 से 09.02.2025 |
| द्वितीय/तृतीय सोपान जांच शिविर | स्थानीय संघ स्तर | 06 से 08.02.2025 |
| नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 11 से 17.02.2025 तक |
| राज्य पुरस्कार समारोह | जगतपुरा, जयपुर | 20 से 23.02.2025 |



## राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| National Rover & Ranger Moot | 09 - 13 January 2025 | Rameshwaram (Tamilnadu) |
| Diamond Jubilee Jamboree | 28 Jan. - 03 Feb. 2025 | Trichy, Tamilnadu |
| 26th International Adventure Programme | 02 - 08 March 2025 | NTC, Pachmarhi |



## अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| Winter Adventure 2025 | 06 Jan.- 30 March,2025 | Chalet Switzerland |
| (Choose 4, 6 or 8 Nights of any week From January to March 2025) | | |
| 26th Australian Jamboree (AJ2025) | 06 - 15 January 2025 | Maryborough in Queensland |
| 16th World Scout Moot 2025 | 25 July - 03 August, 2025 | Lisboa, Portugal |
| 28th Asia-Pacific Regional Scout Conference | 12 - 17 October, 2025 | Kaohsiung, Taiwan |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**

राजकीय आदेश

# कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः** शिविरा/माध्य/खेलकूद/35105/स्काउट एण्ड गाइड/2024 **दिनांक :** यथा हस्ताक्षर

**–:परिपत्रः–**

भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 28 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक 75वीं वर्षगाँठ पर स्काउट/गाइड की डायमंड जुबली जम्बूरी शिपकॉट इंडस्ट्रीयल पार्क (शिपकौट कैम्पस) मानापाराल, त्रिचीपल्ली, जिला–त्रिची (तमिलनाडु) में आयोजित की जा रही है। इस जम्बूरी में भारत व पड़ौसी राष्ट्रों से लगभग 15000 स्काउटस/गाइड्स भाग लेंगे। इन स्काउट्स/गाइड्स में शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करते हुए स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय समुदाय के प्रति उत्तरदायी नागरिक के रूप में विकसित करने सम्बन्धी विभिन्न स्काउट्स/गाइड्स गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इस अवसर पर बालक / बालिकाओं को विश्व भ्रातृत्व, परस्पर प्रेम सहयोग, टोली भाव एवं राष्ट्रीय भावात्मक एकता के खुले पाठ पढ़ने एवं अभ्यास के सुअवसर उपलब्ध करवाये जायेंगे।

**इस सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये जाते हैं:–**

1. जम्बूरी में सहभागिता हेतु अपने अधीनस्थ विद्यालयों में प्रति जिला दो–दो टोली स्काउंट व एक–एक टोली गाइड का चयन कर एवं उनका ऑनलाईन पंजीकरण करवाकर एक प्रति सम्बन्धित जिला मुख्यालय के माध्यम से एवं एक प्रति सीधे स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर एवं इस कार्यालय को भिजवावे।
2. जम्बूरी के अवसर पर राजस्थान दल का एक तैयारी शिविर स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा, जयपुर में दिनांकः 20.01.2025 से 24.01.2025 तक आयोजित किया जायेगा। इस हेतु विद्यालय से जम्बूरी स्थल तक आने व जाने का रेल/बस किराया विद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।
3. जम्बूरी में भाग लेने वाले स्काउट्स/गाइड्स एवं स्काउटर्स/गाइडर्स को कर्तव्य पर मानते हुए इन अध्यापकों/अध्यापिकाओं/ शिक्षा अधिकारियों को राज्य सरकार के आदेश क्रमांकः एफ12 (शिक्षा) ग्रुप 4/76 दिनांकः 28.08.79 के अनुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय होगा।
4. जम्बूरी की यात्रा, भोजन, शैक्षिक भ्रमण एवं पोशाक इत्यादि पर निम्नानुसार 10070/– रुपए प्रति स्काउट/गाइड व्यय होने का अनुमान है:–

| क्र.सं. | व्यय का विवरण | विद्यालय द्वारा | स्वयं प्रतिभागी द्वारा | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेल/बस किराया | रु. 4000/– | 3000/– | रु. 7000/ |
| 2. | जम्बूरी पंजीकरण | रु. 250/ | – | रु. 250/– |
| 3. | भोजन व्यय | रु. 950/– | रु. 1000 | रु. 1950/– |
| 4. | विशेष गणवेश | – | रु. 200/– | रु. 200/– |
| 5. | शैक्षिक भ्रमण | – | रु. 400/– | रु. 400/– |
| 6. | शिविर कला व्यय | रु. 270/– | – | रु. 270/– |
| | योग | रु. 5470/– | रु. 4600/– | रु. 10070/– |

नोट : स्काउटर/गाइडर पंजीकरण शुल्क 350/– प्रति संभागी होगा। जम्बूरी विशेष रेल किराया कम/अधिक भी हो सकता हैं।

उपर्युक्तानुसार रू. 10070/– में से रू. 5470/ छात्र निधि कोष/विकास कोष/उपलब्ध कोष में से व्यय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रति स्काउट गाइड प्रदान की जाती है एवं रू. 4600/– प्रति स्काउट/गाइड द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। जो स्काउट व गाइडएवं स्काउटर एवं गाइडर जम्बूरी सम्बन्धी श्रेष्ठ योग्यता रखते हैं किन्तु आर्थिक कठिनाई के कारण स्वयं द्वारा वहन की जाने वाली राशि देने में असमर्थ हैं, उनकी राशि संस्था प्रधान द्वारा भामाशाहों से सहयोग प्राप्त कर जमा करवायी जा सकती है।

अपने विद्यालयों के संस्था प्रधान दिनांक 13.12.2024 तक पंजीकरण राशि प्रति स्काउट एवं गाइड सम्भागी की दर से 08×250 2000/– रूपये तथा स्काउटर एवं गाइडर 01×350 कुल राशि 2350/– जिला मुख्यालय पर पंजीकरण फार्मके साथ जमा करवायें। जम्बूरी के क्रम में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर एवं संबंधित जिला मुख्यालय द्वारा प्रसारित सूचनाओं/निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

**(सीताराम जाट)** आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांक :** शिविरा/माध्य/खेलकूद/35105/स्काउट एण्ड गाइड/2024 **दिनांकः** यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय एवं पंचायती राज (मा.शि.) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. स्टेट चीफ कमिश्नर, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
3. राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
4. सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त ।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी (मु.), माध्यमिक शिक्षा, समस्त ।
7. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ।
8. पी.ई.ई.ओ. समस्त ।
9. प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड), स्थानीय संघ, समस्त ।
10. सचिव, स्थानीय संघ, समस्त ।
11. संस्था प्रधान समस्त ।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

# चित्र-विथिका




जापान में आयोजित JENESYA 2024 इवेंट में जोधपुर की कृष्णा राजपुरोहित के साथ भारत के अन्य रोवर रेंजर



बनीपार्क, जयपुर में रेंजर लीडर एडवांस कोर्स के संभागी व संचालिकाएं







सिरोही जिले की जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत करते हुए सिरोही के सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति देती गाइड्स

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
फोन नं. 0141-2706830 द्वारा मैसर्स हरिहर प्रिण्टर्स, जे-97, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर-302004 फोन : 0141-2600850 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति रूपये पन्द्रह
प्रकाशन - प्रत्येक माह
पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत
आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/01835

प्रेषक :-
राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर-302015
फोन : 0141-2706830, 2941098
ई-मेल : scoutguidejyoti@gmail.com